

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -87 जबलपुर, गुरूवार 01 मई 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरूण श्रीवास्तव


## कोलकाता में दर्दनाक हादसा

# होटल में लगी भीषण आग, 14 लोग जिंदा जले, कई घायल हैं गंभीर



कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता के बड़ाबाजार के मेचुआ फलपट्टी स्थित एक होटल में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। मृतकों में 11 पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार 14 में से 8 लोगों के शवों की पहचान हो गई है। बाकी लोगों की पहचान करने का काम चल रहा है। इस घटना में घायलों की संख्या 13 है। इनमें से 12 को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। एक व्यक्ति अस्पताल में भर्ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के लिए 2 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायलों को मुआवजे के रूप में 50,000 टका दिया जाएगा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात मध्य कोलकाता के एक होटल में लगी आग में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। आग के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

कोलकाता पुलिस आयुक्त ने बताया कि आग रात करीब 8.15 बजे फलपट्टी मछुआ के पास रितुराज होटल के परिसर में लगी। पुलिस ने बताया कि घटना के समय 60 कर्मचारी मौजूद थे। वर्मा ने संवाददाताओं से कहा, चौदह शव बरामद किए गए हैं और टीमों ने कई लोगों को बचाया है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आठ शवों की पहचान कर ली गई है और 13 लोग घायल हैं, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बाकी को छुट्टी दे दी गई है।

दस दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन आपातकालीन सेवाओं को भीड़भाड़ वाले इलाके बुर्राबाजार में काम करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जहां पूर्वी भारत का सबसे बड़ा थोक बाजार स्थित है।

आग लगने के दौरान कई लोगों ने इमारत की खिड़कियों और संकरी दीवारों से भागने की कोशिश की। वर्मा ने कहा कि बचाव अभियान जारी है और घटना की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्य सरकार से प्रभावित लोगों को तुरंत बचाने का आग्रह किया और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों की कड़ी निगरानी करने का आह्वान किया।

उन्होंने ट्वीट किया, मैं राज्य प्रशासन से प्रभावित लोगों को तुरंत बचाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें आवश्यक चिकित्सा और मानवीय सहायता प्रदान करने का आग्रह करता हूं। इसके अतिरिक्त, मैं भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों की गहन समीक्षा और कड़ी निगरानी की अपील करता हूं।

कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और पुलिस आयुक्त वर्मा ने घटनास्थल का दौरा किया और अग्निशमन अभियान का निरीक्षण किया। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कोलकाता नगर निगम की आलोचना की। सरकार ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, यह एक दुखद घटना है। आग लग गई। इमारत में बहुत सारे लोग फंस गए। वहां कोई सुरक्षा नहीं थी। मुझे नहीं पता कि निगम क्या कर रहा है।

## आंध्र प्रदेश में दर्दनाक हादसा- नरसिम्हा स्वामी मंदिर के चंदनोत्सव में दीवार गिरी, 8 लोगों की मौत, 4 घायल



विशाखापत्तनम. श्री वरहलक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में बुधवार तड़के चंदनोत्सवम उत्सव के दौरान एक अस्थायी ढांचे का 20 फुट लंबा हिस्सा गिर गया, जिससे 8 श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि 4 अन्य घायल हो गए. हादसा करीब सुबह 2:30 बजे हुआ जब भारी बारिश हो रही थी. राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत व बचाव अभियान शुरू किया. फिलहाल मलबा हटा दिया गया है और सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है. आंध्र प्रदेश की गृह एवं आपदा प्रबंधन मंत्री वांगलापुडी अनिता मौके पर पहुंचीं और घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया. धर्मस्व विभाग के प्रमुख सचिव विनय चैन ने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रथम दृष्टया भारी बारिश को जिम्मेदार माना जा रहा है.

# जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार

## कैबिनेट बैठक में लिया गया बड़ा फैसला



नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्र की मोदी सरकार ने फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा कि कई राज्यों में की गई जाति जनगणना की कवायद अवैज्ञानिक है। एनडीए शासित बिहार सहित कई राज्य पहले ही जाति जनगणना के आंकड़े प्रकाशित कर चुके हैं।

वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस सरकारें हमेशा से जाति जनगणना का विरोध करती रही हैं। 2010 में स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर मंत्रिमंडल में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की है। इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण किए हैं। जबकि कुछ राज्यों ने यह काम अच्छे से किया है, वहीं कुछ अन्य ने केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों से समाज में संदेह पैदा होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीति से हमारा सामाजिक ताना-बाना खराब न हो, सर्वेक्षणों के बजाय जाति गणना को जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शिलांग से सिलचर तक 22,864 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले हाई-स्पीड कॉरिडोर राजमार्ग को मंजूरी दे दी है।

## भारतीय माताओं के नौ बच्चों को पाकिस्तान भेजने को लेकर एमपी में उलझन, केंद्र से मांगा मार्गदर्शन

भोपाल- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का सख्त आदेश दिया। इस बीच मध्य प्रदेश में पाकिस्तानी पिताओं और भारतीय माताओं से जन्मे 9 बच्चों को लेकर प्रशासन असमंजस में है। इन बच्चों के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि केंद्र के निर्देशों ने स्थिति को जटिल बना दिया है। केंद्र से मांगा मार्गदर्शन- मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने केंद्र सरकार से इन 9 बच्चों के मामले में स्पष्ट दिशा-निर्देश मांगे हैं। इनमें 4 बच्चे इंदौर, 3 जबलपुर और 2 भोपाल में हैं। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार 25 अप्रैल को भोपाल में एक पाकिस्तानी व्यक्ति ने दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) के लिए आवेदन किया था,

## जानापाव में भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली को धाम के रूप में करेंगे विकसित- मुख्यमंत्री यादव




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरजीवियों में से एक भगवान श्री परशुराम जी की जन्मस्थली है। यह भारत भूमि पर एक अद्वितीय स्थल है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया।

## सीहोर में तबियत बिगड़ी, घर पहुंचते ही बेहोश हुए, कमलनाथ के मीडिया को-आर्डिनेटर भी रहे

# एमपी में भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा की हार्ट अटैक से मौत



इंदौर.(आरएनएस)। एमपी में भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा की हार्ट अटैक से मौत हो गई. वे सीहोर के क्रिसेंट पार्क में शादी समारोह में शामिल हुए थे. इसके बाद आज सुबह उन्होने कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व उनके दोस्त सुरजीत सिंह चड्ढा से कहा कि मेरी तबियत ठीक नहीं है. मैं शादी में नहीं रुकूंगा इसके बाद वे सभी के साथ इंदौर लौट आए. बताया गया है कि भाजपा के प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा सीहोरा में परिचित के यहां क्रिसेंट पार्क में आयोजित शादी समारोह में आए थे. आज सुबह उन्होने अपने दोस्त व परिजनों से कहा कि तबियत ठीक नहीं लग रही है. इसके बाद वे इंदौर के लिए रवाना हो गए, रास्ते में पत्नी ने कहा कि विशेष जूपिटर अस्पताल में चेकअप करा लेते हैं. लेकिन नरेन्द्र सलूजा नहीं माने और यह कहते हुए शांत करा दिया कि टैबलेट खा ली है, दबाव मत डालो. मैं बिल्कुल ठीक हूं.उन्होंने घर जाकर खाना खाने के बाद आराम करने को कहा. कुछ देर बाद श्री सलूजा को घबराहट के साथ फिर उल्टी हुई और हालत बिगडने लगी. परिजनों ने देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद नरेन्द्र सलूजा को मृत घोषित कर दिया. श्री सलूजा के निधन की खबर मिलते ही पूर्व सीएम कमलनाथ, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिधिंया सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी.

**अमेरिका से बेटी के आने के बाद होगा अंतिम संस्कार-**

नरेंद्र सलूजा की बेटी अमेरिका में रहती है, उन्हे आने में 48 घंटे का समय लगेगा. बेटी के अमेरिका से इंदौर आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा.

**शिवराज सिंह चौहान बोले बहुत याद आएगें आप-**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नरेंद्र सलूजा को भाजपा ज्वाइन कराते वक्त की फोटो शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि विश्वास करना कठिन है कि भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रवक्ता और मेरे मित्र नरेंद्र सलूजा अब हमारे बीच नहीं रहे. अपने शब्द बाणों व चुटीले व्यंग्यों से वे विपक्ष को करारा जवाब देते थे, तो हम मित्रों को भी गुदगुदाते थे. सलूजा जी अकेले ही सब पर भारी पड़ते थे. सलूजा जी आप बहुत याद आओगे.

**भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने जताया शोक-**

सलूजा के निधन पर भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, मंत्री तुलसी सिलावट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, इंदौर-2 के विधायक रमेश मेंदोला, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित कई नेताओं ने दुख जताते हुए श्रद्धांजलि दी है.

## चारधाम यात्रा का अक्षय तृतीया पर श्रीगणेश, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले

### केदारनाथ के 2 और बद्रीनाथ के 4 मई को खुलेंगे



हरिद्वार.(आरएनएस)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर चारधाम यात्रा 2025 की विधिवत शुरुआत हो गई है. आज गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए. गंगा की डोली गंगोत्री पहुंच चुकी है और वहां 10:57 बजे कपाट खोले गए. वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 11:55 बजे खोले गए. दोनों धामों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और गंगोत्री में हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी हुई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं गंगोत्री धाम पहुंचे और पूजा में भाग लिया. यहां करीब 1,000 से ज्यादा श्रद्धालु पहले दिन उपस्थित रहे, जबकि यमुनोत्री में पहले ही दिन 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है. चारधाम यात्रा के दो अन्य धामों—केदारनाथ के कपाट 2 मई को और बद्रीनाथ के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे. पिछले साल भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से केदारनाथ यात्रा 15 दिनों तक बाधित रही थी, इसके बावजूद 48.11 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे. इस बार अब तक 20

# बाल-बाल बचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, गौशाला के कार्यक्रम में गिरा मंच का हिस्सा



इंदौर(आरएनएस)। बुधवार को राऊ में विश्वकर्मा मंदिर गौशाला के कार्यक्रम के दौरान मंच का एक हिस्सा गिरा। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी आयोजन स्थल पर मंच पर मौजूद थे। हालांकि इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई।

गौरतलब है कि मंत्री विजयवर्गीय प्रतिवर्ष अपने जन्म दिन के मौके पर गौशाला में अपने सर्मथकों के साथ जाते है। बुधवार को भी मंत्री विजयवर्गीय जन्मदिन के मौके इस गौशाला में गौ सेवा के लिए गए थे। इस दौरान क्षेत्री भाजपा समर्थन ने गौशाला परिसर में मंच भी लगवाया था।

मंच पर मंत्री विजयवर्गीय वहां मौजूद लोगों से संवाद कर रहे थे। वहां मौजूद लोग गौ सेवा के लिए अपनी ओर से सहयोग व सहायता राशि देने की बातें कह रहे थे। मंच पर ज्यादा लोगों के मौजूद होने के कारण एक हिस्सा गिर गया। इस कारण मंच पर खड़े कुछ लोग गिरे।

मंच पर मौजूद थे ये लोग

भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा के मुताबिक गौशाला में हुए आयोजन में मंत्री विजयवर्गीय मंच पर मौजूद थे। इस दौरान मंच का एक हिस्सा गिरा। इसमें मंत्री विजयवर्गीय या अन्य लोगों को कोई विशेष चोट नहीं लगी।

## फारूक अब्दुल्ला ने कांग्रेस के 'गायब' तंज को किया खारिज, पीएम मोदी के समर्थन में बोले, वह दिल्ली में, हम उनके साथ



नई दिल्ली-(आरएनएस)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को अपने सहयोगी कांग्रेस के इस दावे को खारिज कर दिया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गायब हैं और पाकिस्तान के खिलाफ उनकी किसी भी कार्रवाई का समर्थन किया। अब्दुल्ला ने कहा, वह कहां गायब हैं? मुझे पता है कि वह दिल्ली में हैं। कांग्रेस ने मंगलवार को एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें प्रधानमंत्री का नाम नहीं था और केवल उनके कपड़ों की एक पुरानी तस्वीर दिखाई गई थी जिसमें उनका शरीर नहीं था। भाजपा ने इस पोस्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह 'सर तन से जुदा' तस्वीर है जिसका उद्देश्य ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर भारत को कमजोर करना है जब देश पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने की सोच रहा है। कांग्रेस की पोस्ट का शीर्षक था, जिम्मेदारी के समय-गायब। अब्दुल्ला ने सहयोगी के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने केंद्र को पूरा समर्थन दिया है।

# जाति जनगणना पर बोले राहुल गांधी, सरकार को पूरा सपोर्ट, साथ ही कर दी ये बड़ी मांग



नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जाति जनगणना के लिए पूरा समर्थन जताया। उन्होंने जनगणना की रूपरेखा तैयार करने और उसे लागू करने में सरकार की मदद करने के लिए कांग्रेस के समर्थन की भी पेशकश की। राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में कहा कि हमने संसद में कहा था कि हम जाति जनगणना करवाएंगे। हमने यह भी कहा था कि हम 50त्न की सीमा को खत्म करेंगे, जो कृत्रिम दीवार है, उसे खत्म करेंगे। नरेंद्र मोदी कहते थे कि सिर्फ़ 4 मामले हैं। पता नहीं क्या हुआ लेकिन अचानक 11 साल बाद जाति जनगणना की घोषणा कर दी गई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हम इसका पूरा समर्थन करते हैं लेकिन हम एक समयसीमा चाहते हैं। हम जानना चाहते हैं कि यह कब तक होगा। यह पहला कदम है। तेलंगाना जाति जनगणना में एक मॉडल बन गया है और यह एक खाका बन सकता है। हम जाति जनगणना की रूपरेखा तैयार करने में सरकार को अपना समर्थन देते हैं... दो उदाहरण हैं - बिहार और तेलंगाना और दोनों में बहुत अंतर है। उन्होंने आगे कहा कि मैं फिर से कहना चाहूँगा कि जाति जनगणना पहला कदम है। हमारा सपना जाति जनगणना के ज़रिए विकास की नई मिसाल कायम करना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ़ आरक्षण ही नहीं, बल्कि हम केंद्रीय सवाल भी पूछ रहे हैं - चाहे वो ओबीसी हो, दलित हो, आदिवासी हो, इस देश में उनकी भागीदारी क्या है? जाति जनगणना से पता चल जाएगा, लेकिन हमें जाति जनगणना से आगे बढ़ना होगा...हमने एक और बात कही थी, कांग्रेस ने एक और बात उठाई थी, घोषणापत्र में भी इसका ज़िक्र था --- अनुच्छेद 15(5) - निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण। यह पहले से ही एक कानून है। हम चाहते हैं कि एनडीए-बीजेपी सरकार इसे लागू करना शुरू करे। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की माँग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है जिसकी हम पहले दिन से माँग कर रहे थे। मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की माँग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार-बार प्रधानमंत्री मोदी जी सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे।

उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के अभाव में, सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए ये सभी वर्गों के लिए ज़रूरी है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना लार्डगंज में नीलेश महार उम्र 29 वर्ष निवासी बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज रात अपने दोस्तों के साथ बस स्टेण्ड अभिनंदन होटल में खाना खाने के बाद अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनसी 5513 से मालवीय चौक होते हुये घर जा रहा था श्रीकांत विश्वकर्मा उसकी मोटर सायकल में पीछे बैठा था अदनान और मेवालाल अपनी एक्सिस से जा रहे थे जैसे ही रात लगभग 12-10 बजे नवाब बाड़ा के सामने पहुँचे तभी तीनपत्ती की ओर से आ रही काले रंग की स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 9138 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते



# 21 कन्याओं का शुभ विवाह मोहन धाम आश्रम ग्वारीघाट में



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कन्यादान एक ऐसा दान है। जो कि इस युग में सबसे ज्यादा पुण्य देने वाला दान है। लेकिन फिर भी कई बार माता-पिता इस दान को करने में सक्षम नहीं हो पाते और कई बार ऐसा भी होता है कि कुछ बच्चों के माता-पिता नहीं होते तब इन परिस्थितियों में कुछ समाज की ऐसी संस्थाएं जो कि समाज के लिए निरंतर कार्य करती हैं वह आगे आती है। उनमें से कुछ संस्थाएं महिला कल्याण महिला, महिला मंडल, तेजस्विनी महिमा फाउंडेशन जैसी संस्था आगे आई और उनके द्वारा भव्य आयोजन का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष श्रीमती पूजा पंजवानी जैसी समाज सेवी एकजुट होकर जब संकल्प लेती है ।और उस संकल्प को पूरा करने के लिए दिन-रात एक करती है । 29 अप्रैल को मोहन धाम आश्रम में सुबह 9ः00 बजे से हल्दी संपन्न की गई 2ः00 बजे के बाद मेहंदी का आयोजन किया गया दूल्हा-दुल्हन को अलग-अलग पंक्ति में बिठाकर एक लाइन से एक साथ हल्दी लगाई गई ,उसके बाद सभी को मेहंदी रचाई। बड़ा ही मनभावन प्रतीत हो रहा था जब एक साथ 21 कन्याएं अपने हाथों में मेहंदी लगवा रही थी। और हल्दी के रंग में रंगी हुई जब यह बेटियां मेहंदी लगाती हैं और अपने आने वाले कल के सपने आंखों में सजती है वह देखकर सभी की आंखें नम हो गई कन्यादान करने का यह अवसर जिन लोगों को मिल रहा है। वह अपने आप में बहुत ही भाग्यशाली है । श्री महंत स्वामी त्रिलोक दास जी महाराज जिनके सानिध्य में 21 कन्याओं का विवाह संपन्न होगा ,

कार्यक्रम में विशेष सहयोगी रहे

कमलेश शुक्ला, रंजीत गढ़वाल पूनम सेठी, श्रीमती सोनिया वाकुलकर रायत नेशनल मीडिया फाउंडेशन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अटल प्रगति संपादक जसवीर चोपड़ा, सरिता कपूर, रीना गुप्ता, हर्ष सविता केवट अरविंद पांडे आकांक्षा सुमित सोनी पार्वती सिंधी माता की चौकी वर्षा यादव भजन गायिका, एवं नयन कपूर द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई । 9ः00 बजे बारात रेन बसेरा से चलकर मोहन धाम आश्रम में ठीक 10ः00 बजे पहुंचेगी 11ः00 बजे सभी कन्याओं का विवाह प्रारंभ किया जाएगा एक साथ 21 कन्याओं का शुभ विवाह संपन्न होगा ,समाज में सामाजिक कार्य करने वाली महिलाएं एकत्रित होकर उन कन्याओं का कन्यादान करेंगे और सभी को आशीर्वाद दिया जाएगा।

## तपोस्थली मटामर में मनाया श्री परशुराम प्राकट्योत्सव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान परशुराम जी की प्राचीन तपोस्थली श्री परशुराम धाम मटामर में स्थापित तथा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल 15 फुट लंबा फ़रसाधरी 31 फुट ऊंची विश्व की एक मात्र श्री परशुराम प्रतिमा का आज भक्तों द्वारा महाभिषेक किया गया।श्री परशुराम धाम विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.एच. पी.तिवारी ने बताया कि सुबह 7 बजे से कुंड स्नान,भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन, महाभिषेक,सामूहिक श्री परशुराम चालीसा पाठ, हवन,महा आरती तथा भंडारा संपन्न हुआ। सचिव सचिन मिश्रा ने बताया कि यहां भगवान परशुराम जी के चरणों से उद्भूत पवित्र परशुराम कुंड के ऊपर स्थित अतिप्राचीन श्री परशुराम मंदिर में भी उनका पूजन अर्चन कर प्राकट्योत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रभात तिवारी,दिनेश दुबे,आनंद तिवारी, श्रुतिकीर्ति मिश्रा,गगन तिवारी, कपिल दुबे,अतुल दुबे,राम भगत तिवारी,विकास तिवारी,धर्मेंद्र मिश्रा, नीतू दुबे,सीमा दीक्षित,संतोष चौबे,गुलाब सिंह यादव व मलखान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में अस्थाई तौर पर एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु स्थाई/अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच 01 मई 2025 से 01 जून 2025 तक लगाने का निर्णय लिया गया है शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर स्टेशन से दिनांक 01.05.2025 से 31.05.2025 तक तथा इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन रीवा स्टेशन से दिनांक 02.05.2025 से 01.06.2025 तक गंतव्य के लिए लगाया जाएगा। यात्री लगाए गए इस अतिरिक्त कोच का लाभ उठाए।

## माह अप्रैल के अंतिम दिन पश्चिम मध्य रेलवे के 84 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 84 रेलकर्मी बुधवार 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हुए।

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 30 अप्रैल 2025 को अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री ने वरिष्ठ खण्ड अभियंता (ड्राईंग,सिविल इंजीनियर) श्री रमेश कुमार मिश्रा के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री एस. डी. पाटीदार सहित उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (एचआरडी) सुश्री पूर्णिमा जैन एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बुधवार को सेवानिवृत होने वालों में मुख्यालय में 01 रेल कर्मचारी, जबलपुर मंडल में 26 रेल कर्मचारियों, भोपाल मण्डल में 20 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 08 रेल कर्मचारियों, भोपाल निर्माण में 02 रेल कर्मचारियों, कोटा मण्डल में 25 रेल कर्मचारियों एवं कोटा कारखाना में 02 रेल कर्मचारियों सहित पमरे पर कुल 84 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दी गईं।

## पनागर ग्राम मोहास बेलखाडू बंघोड़ी में ग्राम चौपाल,तालाब में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखण्ड पनागर सेक्टर क्रमांक 4 बरौदा नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मंगेला अध्यक्ष अजय पटेल द्वारा जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी जी, एवं विकास खण्ड समन्वयक भारत महरौलिया जी निर्देशानुसार नवांकुर संस्था के द्वारा आज ग्राम मोहास बेलखाडू बघोड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम चौपाल,व तालाब स्वच्छता,साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।ग्राम चौपाल कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक द्वारा उपस्थित समस्त ग्राम वासियो को जल संरक्षण,जल के दुरुपयोग से होने बाले भीषण जल संकटों,गिरते भूजल से होने बाली परेशानियों से सभी को जागरुक करते हुऐ स्थानीय तालाब की साफ सफाई स्वच्छता कार्यक्रम स्थानीय जनसमुदाय के साथ मिलकर श्रमदान से किया गया है। सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई।कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखण्ड समन्वयक, ग्राम पंचायत सरपंच गौरी पटेल,अजय पटेल नवांकुर संस्था,सुभम पटेल मेंटर, रवि पटेल,मनीष पाण्डे,रिंकू रजक, मदन पटेल, धर्मेंद्र पटेल सचिव, प्रस्फुटन समिति सदस्य अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है

## जातिगत जनगणना का निर्णय स्वागत योग्य



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय लोधी युवा मोर्चा के प्रांतीय संयोजक शैलेश सिंह लोधी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि विगत 70 वर्षों से कांग्रेस की सरकार ने इस मुद्दे को दबाया रखा और मंडल कमीशन काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने अपने शासन काल में दबाया रखा था जो पिछड़ों के हित में नहीं था

उसके बाद विन्ध्येश्वरी मंडल आयोग की रिपोर्ट को भी दबाया रखा और पिछड़ों के आरक्षण को हमेशा जातिवाद का मुद्दा बना कर रोक कर रखा और आज केन्द्र की मोदी सरकार जातिगत जनगणना करने का जो निर्णय लिया है वो स्वागत योग्य है इस निर्णय की कांग्रेस झूठी वाही वाही लूटने का प्रयास कर रही है।

## ऑपरेशन यात्री सुरक्षा-यात्रियों के समान की सुरक्षा में आरपीएफ का सराहनीय कदम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल्द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा यात्री समान की चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने हेतु महत?वपूर्ण कदम उठाये है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर आयोजित विशेष अभियानों और कार्रवाईयों के चलते अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई है, जो कि यात्री समान की चोरी के मामलों में शामिल थे।

रेलवे सुरक्षा बल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और उनके समान की सुरक्षा करना है। इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल,पश्चिम मध?य रेल द्वारा इस अभियान के तहतवर्ष 2025 में 26 अप्रैल तक यात्री समान की चोरी एवं लूट के 31 प्रकरण हल करते हुये 18,41,490/- रूपये की चोरी गई सम?पत्ति बराबद कर 38 व्यक्तियों को गिरफतार किया है।

ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्यवाही ~-

आरपीएफ कटनी ने26अप्रैल2025को कटनी मुड़वारा स?टेशन के पास एक संदिग?ध ०?यक्ति को पकड़ा। रेलवे सुरक्षा बल्कटनी द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया तथा मामले में पूछताछ करने पर उक?त पकड़े गये ०?यक्ति द्वारा दिनांक 15-04-2025 को गाड़ी संख?या 11072 कामायनी एक?सप्रेस में एक लाल रंग का बैग चोरी करने की जानकारी प्राप्त हुई। पकड़े गये ०?यक्ति के निशानदेही पर चोरी किया गया लाल बैग बरामद किया गया जिसमें से सोने चांदी के जेवरात, एटीएम, कपड़े बरामद किये गये जिसकी कुल किमत 1,50,000/- रूपये पायी गयी। उक्त प्रकरण में ०?यक्ति एवं संपत्ति सहित जीआरपी कटनी को सुपर्द किया गया। जिसके विरूद्व दिनांक 26-04-2025 को प्रकरण दर्ज किया गया साथ ही पूर्व में भी उक्त ०?यक्ति के विरूद्व अन-?य 12 मामलों में प्रकरण दर्ज है।

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे अपने समान की सुरक्षा करने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ को दें।

## केवी वन में सम्भागीय खेल कूद प्रतियोगिता का गरिमामय समारोह में हुआ शुभारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। छात्र छात्राओं के शारीरिक मानसिक विकास, खेल भावना, अनुशासन और उनमें आत्म विश्वास बढ़ाने केन्द्रीय विद्यालय नम्बर वन जीसीएफ में सम्भागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. तीन दिवसीय स्पर्धा के पहले दिन अन्डर 17 व अन्डर 14 बालक वर्ग में बास्केटबॉल के मैच खेले गए. अन्डर 17 के मैचों में केवी बालाघाट ने केवी 2 छिंदवाड़ा को, केवी वन सागर ने केवी बड़कुही को एवं केवी पांडुर्ना ने सीएमएम को परास्त किया. वहीं अन्डर 14 में बालाघाट ने बड़कुही को, केन्द्रीय विद्यालय खमरिया ने छिंदवाड़ा को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया. इस दौरान केवी वन के प्राचार्य रजनीश सिंघई, आनन्द स्वरूप, अभिषेक कुमावत, आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही.

## कर्मचारियों के हितों के साथ हो रहा कुठाराघात

### आम सभा में कर्मचारी नेता एस.एन. पाठक ने सरकार को घेरा



तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने कहा है कि केन्द्र सरकार कर्मचारियों के हितों के विपरीत नीतियों को थोप रही है. गन केरिज फैक्टरी

जीसीएफ के विद्यानगर गेट पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने एनपीएस, यूपीएस और निगमीकरण को कई सवाल उठाए. पिछले दिनों सरकार के साथ विभिन्न मीटिंग एवं उनके मुद्दों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा आप यूपीएस के विकल्प को चुनो तो आपको आगे कोई विकल्प नहीं मिलेगा सरकार दोहरी चाल चल रही है एनपीएस में आपको विकल्प नहीं दिया गया यूपीएस में विकल्प देकर आपको उलझा रही है. आपको सतर्क रहें एवं संयम रखें और यूपीएस के विकल्प को नहीं चुने. निगमीकरण के मामले में उन्होंने कहा सरकार बहुत जल्द ।क्रपॉलिसी ला रही है जहां आपको चार-पांच इंक्रीमेंट बढ़ाने का लोभ देगा आपके निगमीकरण चुनने पर आपको कुछ ही समय में वालंटियर रिटायरमेंट देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा. पाठक ने कहा हम सरकार से प्रसार भारती मॉडल की मांग कर रहे हैं जिसमें जो कर्मचारी सरकारी नौकरी में भर्ती हुआ वह सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी ही बने रहेंगे, एवं सभी सुविधाएं लेते रहेंगे.

आमसभा में विनय गुप्ता, रोहित यादव, उत्तम विश्वास, राजा पांडे, पार्थ ओझा, बीरबल सिंह, आशीष विश्वकर्मा, रितेश बेन, देवेंद्र प्रताप, सैकत बनर्जी, अमरेश कृष्णा सहित कई कर्मचारी नेता उपस्थित रहे. सभा के पहले पहलगाम के दिवंगत लोगों को दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी.

### रेलवे संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत दूसरा सप्ताह

## अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (युएसएफडी) मशीनों के जरिए रेल पटरियों की सूक्ष्म जाँच



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चार सप्ताह में रेलवे में संरक्षा से सम्बंधित चार जागरूकता अभियान चलाने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में दूसरे सप्ताह में अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (यूएसएफडी) क्या है, मशीन कैसे काम करती है से संबंधित जांच अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत दूसरे सप्ताह में सोमवार को भोपाल मण्डल एवं मंगलवार को जबलपुर मंडल द्वारा रेलवे संरक्षा अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जांच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (युएसएफडी) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह नवीनतम तकनीक रेल की पटरियों में समय के साथ उत्पन्न होने वाले आंतरिक दोषों को प्रारंभिक अवस्था में ही चिन्हित कर लेती है, जिससे आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय पर पूरा किया जा सके और यात्री एवं मालगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित रह सके। पश्चिम मध्य रेल में रेलवे ट्रैक की नियमित रूप से युएसएफडी मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। इस जांच की आवृत्ति ट्रेनों के आवागमन के घनत्व (जीएमटी) पर आधारित होती है और तीनों मण्डलों के विभिन्न सेक्शनों में प्रत्येक दो से चार माह में ट्रैक की जाँच की जाती है। तीनों मंडल में युएसएफडी टीमों का गठन किया गया है, जो ट्रैक की आंतरिक स्थिति को डिजिटल रूप में दर्ज कर तुरंत विश्लेषण की सुविधा प्रदान करती हैं। वेल्ड की सटीक जांच हेतु सभी टीमों को डिजिटल वेल्ड टेस्टर भी प्रदान किए गए हैं, जिससे वेल्डिंग खामियों का सटीकता से पता लगाया जा सके। ट्रैक जांच के दौरान संपूर्ण कार्य का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, जिसे विश्लेषण कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। भोपाल मंडल ~- वर्तमान में लगभग 2000 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से युएसएफडी मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। मंडल में वर्तमान में कुल 08 युएसएफडी टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 15 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। वर्ष 2024-25 में मंडल के स्तर पर 10,000 किलोमीटर ट्रैक, 34,000 वेल्ड, 4704 टर्नआउट और 4498 स्वीच एक्सपेंशन जॉइंट्स की सूक्ष्मता से जांच की गई। इस जांच के दौरान 861 फ्लॉ चिन्हित किए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत कर दी गई । जबलपुर मण्डल ~- वर्तमान में लगभग 2582 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से स्ननष्ठ मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। मंडल में वर्तमान में कुल 13 युएसएफडी टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 13 मशीने एवं 26 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। यूएसएफडी परीक्षण को 100त्न बी-स्कैन 9 चैनल रेल परीक्षण मशीन में अपग्रेड किया है। यूएसएफडी टीम ने वित्त वर्ष 2023-24 में 10112.68 किलोमीटर ट्रैक पर परीक्षण किया है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 9114.73 किलोमीटर ट्रैक के लक्ष्य से 10.95त्न अधिक है। यूएसएफडी टीम ने वित्त वर्ष 2024-25 में 11211.437 किलोमीटर ट्रैक का परीक्षण किया है, जो 2023-24 के लक्ष्य से 86.43 किमी अधिक है और वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 10.87त्न अधिक है। सावधानीपूर्वक और विस्तृत यूएसएफडी परीक्षण और विवरण के माध्यम से यूएसएफडी परीक्षण से 82 रेल, 76 बेल्ड रेल दोषों को हटाया गया है।

अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (युएसएफडी) तकनीक आज भारतीय रेलवे की संरक्षा प्रणाली का एक अविभाज्य अंग बन चुकी है। यह न केवल ट्रैक की विश्वसनीयता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है, बल्कि समय रहते खतरों की पहचान कर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक सिद्ध हो रही है। पश्चिम मध्य रेलवे इस तकनीक के कुशल क्रियान्वयन से ट्रेनों के संरक्षित संचालन की दिशा में लगातार सफलताएं अर्जित कर रहा है।



भोपाल -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य एक निश्चित समय-सीमा का निर्धारण कर शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने वर्तमान में चल रही भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में यह निर्देश स्वास्थ्य, सामान्य प्रशासन विभाग और कर्मचारी चयन मण्डल के अधिकारियों की बैठक में दिये।



## राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों को देय महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि किये जाने का निर्णय

# प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति



भोपाल- (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों / परिवार पेशनरों को देय महंगाई भत्ते एवं मंहगाई राहत की दर में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। महगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत की स्वीकृति के फलस्वरूप एरियर राशि सहित राज्य शासन पर कुल व्यय भार 3500 करोड़ रूपये अनुमानित है।

मंत्रि-परिषद की बैठक राज्य शासन के सातवें वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को 1 जुलाई, 2024 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये कुल 53 प्रतिशत एवं 1 जनवरी, 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये कुल 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। छठवें वेतनमान के कार्मिकों एव निगम / मंडल / उपक्रम के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान अंतर्गत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया।

1 जुलाई, 2024 से 30 अप्रैल, 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक पांच किश्तों में किया जाएगा। प्रथम किश्त भुगतान माह जून, 2025 ,द्वितीय किश्त भुगतान माह जुलाई, 2025, तृतीय किश्त भुगतान माह अगस्त, 2025, चतुर्थ किश्त भुगतान माह सितम्बर, 2025, पांचवी किश्त भुगतान माह अक्टूबर, 2025 में किया जायेगा।

1 जनवरी, 2024 से 30 सितम्बर, 2024 की अवधि में सेवानिवृत / मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें/नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन के पेंशनर्स/परिवार पेंशनर्स को दिनाक 1 मार्च 2025 से सातवें वेतनमान अंतर्गत 53 प्रतिशत एवं छठवे वेतनमान अतर्गत 246 प्रतिशत पेंशन राहत स्वीकृत करते हुये छत्तीसगढ़ शासन के पत्र दिनांक 12 मार्च 2025 पर सहमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की बिजली मांग की अवधि एक दूसरे की पूरक होने के कारण मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में पूरक आधार पर विद्युत प्रदाय के लिए मध्य प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस परियोजना से दोनों राज्यों को पृथक-पृथक छः महीनों के लिए बिजली उपलब्ध होगी।

कृषि क्षेत्र में होने वाली विद्युत खपत, मध्यप्रदेश की विद्युत खपत का लगभग 41त्न भाग है। मध्यप्रदेश की जलवायु अनुरूप रबी फसलों के लिए माह अक्टूबर से मार्च के मध्य, कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक विद्युत की मांग रहती है।

नवकरणीय वि?द्युत उत्पादन परियोजनाओं का संचालन कृषि क्षेत्र में होने वाली विदयुत मांग के अनुरूप किया जाना चाहिए। कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की विद्युत आवश्यकताएँ एक दूसरे की पूरक हैं, अर्थात जिस अवधि में उतर प्रदेश को विद्युत आवश्यकता अधिक होती है (खरीफ माहों), उस अवधि में मध्यप्रदेश की विद्युत मांग कम होती है। इसके विपरीत जिस अवधि में मध्यप्रदेश को विद्युत आवश्यकता अधिक होती है (रबी माहों), उत्तर प्रदेश की विद्युत मांग कम होती है।

एकीकृत पेंशन योजना (यू.पी.एस) के लिए समिति गठित

मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त शासकीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यू.पी.एस) लागू करने के संबंध में एक समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल अध्यक्ष, प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी, सचिव श्री लोकेश कुमार जाटव, संचालक बजट सुश्री तन्वी सुन्द्रियाल, उप सचिव श्री अजय कटेसरिया, सदस्य होंगें। संचालक पेंशन म.प्र. श्री जे.के. शर्मा, को सदस्य सचिव बनाया गया है।

समिति में अंकित अधिकारियों के स्थानांतरण अथवा सेवानिवृत्ति अथवा अन्य कारणों से उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में समिति के सदस्यों में आंशिक परिवर्तन करने के लिए वित्त विभाग के भार साधक सचिव को अधिकृत किया गया है।

राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 की स्वीकृति दी गयी है। इस नीति में 1 मई 2025 से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिए स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया है।

प्रत्येक पद/संवर्ग में वर्ष में प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक (प्रतिबंध अवधि एवं प्रतिबंध शिथिलीकरण अवधि को मिलाकर) स्थानांतरण निर्धारित संख्या तक किए जा सकेंगे। पद/संवर्ग की संख्या 200 तक 20 प्रतिशत, 201 से 1000 तक 15 प्रतिशत, 1001 से 2000 तक 10 प्रतिशत, 2001 से अधिक 5 प्रतिशत के आधार पर स्थानांतरण किये जायेंगे। ई-ऑफिस के माध्यम से स्थानांतरण होंगे। विभाग अपने स्तर पर भी नीति बना सकता हैं।

## हर बूंद की कीमत- जन सहयोग से हो रहा जल संवर्धन



भोपाल (आरएनएस) जल संचयन का संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में 30 मार्च से प्रारंभ किया है, जो 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। जल गंगा संवर्धन अभियान जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन की अवधारणा पर आधारित है। इस अभियान में नए जल संग्रहण संरचनाएं बनाई जाएंगी और पहले से मौजूद संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

साथ ही जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की सफाई तथा उनके आसपास पौधारोपण किया जा रहा है ।समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान समाज और सरकार की संयुक्त पहल से एक जन आंदोलन बनता जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया झाबुआ जिले के पेटलावद जनपद की ग्राम पंचायत करड़ावद के ठिकरिया तालाब पर जल गंगा संवर्धन अभियान में जल चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुईं। मंत्री श्रीमती भूरिया ने कहा कि पेटलावद क्षेत्र को माही डेम की सौगात स्व. दिलीप सिंह भूरिया के अथक प्रयासों से मिलने के कारण आज पेटलावद में हरियाणा, पंजाब जैसी कृषि होने लगी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अनेक पुराने तालाबों से किसान अपनी फसलों की सिंचाई के लिये पानी लेते आ रहे हैं। वर्तमान में तालाब में पानी खत्म हो गया है।

ऐसी स्थिति में सभी किसानों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाबों से काली मिट्टी जन-भागीदारी से निकालकर अपने-अपने खेतों में ले जायें, जिससे उनके खेतों की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। मंत्री श्रीमती भूरिया ने ग्रामीणों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण अभियान में आगे आयें एवं जल-स्त्रोतों की साफ-सफाई और जल संग्रहण के कार्य में भागीदारी निभायें, जिससे वर्तमान जल संकट से आने वाली पीढ़ी को बचाया जा सके। इस अवसर पर 100 बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

# समग्र ई-केवाईसी में विदिशा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## सर्व समावेशी प्रगति में टॉप जिलों में शामिल

विदिशा (विलक्षण सक्सेना)। मध्य प्रदेश में समग्र आईडी ई केवाईसी के अभियान ने तेज रफ्तार पकड़ी है. लगभग 10 करोड़ 45 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड समग्र आईडी में 5 करोड़ 23 लाख से ज्यादा ई केवाईसी 31 मार्च 2025 तक पूरा हो गया है. वही अप्रैल माह में अभियान ने रफ्तार पकड़ते हुए 1 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 22 लाख नब्बे हजार लोगों की ईकेवाईसी प्रदेश भर में पूरी कर ली गई है जिससे पूर्ण आंकड़ा 5 करोड़ 42 लाख को पार कर चुका है। समग्र आईडी मध्य प्रदेश के हर नागरिक के लिए एक हम दस्तावेज बनता है क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित सभी योजनाओं के लिए यह एक संपूर्ण परिचय पत्र के रूप में काम करता है. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित सभी योजनाओं में समग्र आईडी को आधार के साथ लिंक करने से लाभार्थियों को उसका सुगम एवं निर्णात्मक समाधान मिलता है. विदिशा एवं राजगढ़ ई केवाईसी की इस प्रक्रिया में सबसे बेहतर कार्य करने वाले जिलों के रूप में प्रर्दशन किया है जहां पर राजगढ़ में 71.45 प्रतिशत एवं विदिशा में 61.37 प्रतिशत वृद्‌ध्रि-दर सर्वसम्मत रूप से प्राप्त की गई है. समग्र आईडी केवाईसी की प्रक्रिया को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहित कर जिला स्तरीय पर पूर्ण किया जा रहा है. मध्य प्रदेश सरकार केवाईसी की इस प्रक्रिया से विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों को जोडने की एवं योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को पहुंचाने के लिए कार्यरत है। नवनियुक्त विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लोगों से ई-केवाईसी कराने का आव्हान किया।




-कैसे करें ई-केवाईसी ?

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट- https://samagra.gov.in/ पर जाएं, इसके बाद आपके सामने होमपेज खुलेगा। होमपेज पर आपके सामने कई विकल्प दिखेंगे, यहां आप अपडेट समग्र प्रोफाइल विकल्प में दिए गए ई-केवाईसी करें विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद आपके सामने एक पेज खुलेगा जहां आपसे आपकी समग्र आईडी की मांग की जाएगी। अपनी समग्र आईडी प्रविष्ट करके कैप्चा दर्ज करें और खोजें विकल्प पर क्लिक कर दें। खोजे बटन पर क्लिक करने के बाद आपको अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। मोबाइल नंबर पर आपके एक ओटीपी आएगा, जिसे आपको नीचे बॉक्स में दर्ज करना होगा।

इसके बाद आपने आपके समग्र कार्ड की आईडी एंटर की थी उससे संबंधित कुछ निजी जानकारी आपके स्क्रीन पर आपको दिखाई देगी, जिसमें निम्नलिखित जानकारियां शामिल होंगी- समग्र आईडी, नाम, लिंग, पता इसमें नीचे की ओर आपको यह विकल्प मिलेगा की क्या आपके पास मध्यप्रदेश में कृषि करने लायक जमीन है? तो ऐसे में आपके पास भूमि है तो यश क्लिक करके सम्बंधित सभी जानकारी भरनी है। इसके बाद नेस्ट के बटन पर आपको क्लिक करना है।

समग्र ई-केवाईसी प्रक्रिया स्टेप -2

इसके बाद आपके सामने केवाईसी का पेज खुल जाएगा, जहां आपके सामने 2 विकल्प दिए रहेंगे, इसमें पहला आधार कार्ड और दूसरा वर्चुअल आईडी का होगा इन दोनों में से आप किसी एक का चयन करके अपनी केवाईसी पूरी कर सकते हैं।

समग्र आधार ई-केवाईसी प्रक्रिया

अगर आपका मोबाइल नंबर आधार से जुड़ा हुआ है, तो आप ओटीपी के विकल्प को चुनकर आगे बढ़ें, और अपना आधार नंबर दर्ज करके और सेंड ओटीपी पर क्लिक कर दें। इसके बाद आपके नंबर पर एक ओटीपी सेंड किया जाएगा उस ओटीपी को आपको बॉक्स में दर्ज करना है, इसके बाद आपको स्वीकार करें कि बटन को दबाना है। इसके अलावा जिन नागरिकों का मोबाइल नंबर उनके आधार से अपडेट नहीं है, वे उम्मीदवार बायोमैट्रिक के जरिए अपना ईकेवाईसी कर सकते हैं।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर बीजेपी का तंज: वीडी ने कहा

### संविधान का गला घोटा और इमरजेंसी लगाई, मंत्री सिलावट बोले- अंबेडकर को संसद में जाने से रोका

ग्वालियर (आरएनएस)। कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर बीजेपी ने तंज कसा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा ङ्क संविधान बचाओ का शब्द कहना भी कांग्रेस के लिए बेईमानी है। 75 बार संविधान पर प्रहार किए, संविधान का गला घोटा, इमरजेंसी लगाई, पहले इसका जवाब कांग्रेस दे। क्या संविधान बचाओ की बात कर रही कांग्रेस..? अपने संविधान की हत्या की, लोकतंत्र की हत्या की, इमरजेंसी लगाकर। अपने निजी स्वार्थ के लिए संविधान में बदलाव किए। संविधान के लिए मूल भावनाओं को जमीन पर उतारने का काम बीजेपी और मोदी कर रहे हैं। कांग्रेस केवल झूठ बोलती है और इसके अलावा कोई और काम नहीं करते।

मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा- कांग्रेस किस बात पर संविधान बचाओ रैली निकाल रही है। जिस व्यक्ति ने संविधान बनाया उसका (भीमराव अंबेडकर) अपमान किसने किया? सिर्फ कांग्रेस ने ही किया है। प्रजातंत्र की सबसे बड़ी अदालत लोकसभा में जाने से रोकने का काम कांग्रेस ने किया। उन्हें लोकसभा में हराया।

### 836 करोड़ की लागत से 2 साल में होगा पूरा होगा मार्ग का चौड़ीकरण-राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने निर्माण एजेंसी को दिये निर्देश

# अयोध्या बायपास चौड़ीकरण का कार्य एक जून से शुरु होगा



भोपाल-(आरएनएस) भोपाल में रत्नागिरी से आशाराम तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबे अयोध्या बायपास मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य एक जून से शुरू होगा। इस मार्ग की चौड़ीकरण की लागत 836 करोड़ रूपये है। इसे 2 वर्ष की समयावधि में पूरा किया जायेगा। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को मंत्रालय निर्माण एजेंसी एनएचएआई के अधिकारियों और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारियों निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निर्माण के दौरान आने वाली किसी भी कठिनाई के निराकरण के लिये अधिकारियों से तुरंत संपर्क करें। कठिनाई का तुरंत निराकरण किया जायेगा। इस कार्य में विलंब नहीं होना चाहिए, 2 वर्ष की तय समय-सीमा में तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का आदर्श रोड होगा। इसमें फ्लाई ओवर आदि का निर्माण भी शामिल है। एनएचएआई के इस प्रोजेक्ट के डारेक्टर श्री देवांश नरवाल ने बताया कि अयोध्या बायपास चौड़ीकरण का कार्य तय समय-सीमा में पूरा होगा। इसमें सबसे पहले सर्विस रोड बनाई जायेगी ताकि यातायात बाधित नहीं हो। बैठक में बताया गया कि अयोध्या बायपास चौड़ीकरण में आने वाले पेड़ों को हटाया जायेगा। हटाये जाने वाले पेड़ों के स्थान पर हटाये गये पेड़ों की संख्या के 4 गुना से अधिक पेड़ लगाये जायेगें। प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री नरवाल ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में आने वाले विद्युत पोल और पाइप लाईन आदि को समय पर शिफ्ट किया जायेगा। बैठक में आनंद नगर फ्लाई ओवर निर्माण, रत्नागिरी तिराहे पर मेट्रो रेल फ्लाई ओवर निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

## जैन समाज ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया

नर्मदापुरम (आरएनएस)। सकल दिगंबर जैन समाज ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया। रविवार को मोरक्षली चौक स्थित मंदिर के बाहर समाज के महिला पुरुष एकत्र हुए। उन्होंने हमले में मारे निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि दी। समाज के अध्यक्ष संतोष जैन ने कहा कि हम सभी देशवासी सरकार के साथ है, देशहित में तत्पर खड़े है।

पहलगाम की घटना बेहद दुखद है, मृतकों के परिजनों को ईश्वर दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। समाज के सचिव आलोक जैन ने बताया कि पहलगाम की घटना ने देश को हिला कर रख दिया है, देश का हर नागरिक सरकार के एक्शन का इंतजार कर रहा है।

भारत में इस तरह की घटना को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा एवं आक्रोश प्रदर्शन में समाज के वरिष्ठ डॉक्टर आरके जैन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक जैन एनसी जैन, डॉक्टर प्रदीप जैन, नरेंद्र गोयल, विकास जैन, प्रदीप जैन अभिषेक जैन, आलोक जैन(सचिव), नीरज जैन, प्रशांत जैन, डॉ. गुंजन जैन, राजा जैन, वरूण फौजदार, अमीत मोदी, पवन, अंकुर जैन सहित समाजजन मौजूद रहा।

## हास्य विधाओं में भारतीय मूल्य-बोध, नैतिकता और संस्कृति की पुन:स्थापना आवश्यक

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषंगी संगठन संस्कार भारती में आज पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सिने अभिनेता और रंगकर्मी श्री राजीव वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की नाट्यपरंपरा विश्व की प्राचीनतम और समृद्धतम परंपरा है, जिसकी आधारशिला भरतमुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र में रखी गई है। इसमें वर्णित रस-भाव सिद्धांत भारतीय नाट्य परंपरा की आत्मा है, जो केवल मनोरंजन नहीं, अपितु 'लोकशिक्षा' और 'चित्तविनोद' का साधन है। हास्य रस को नौ रसों में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है दिया गया है। यह परंपरा सामाजिक चेतना, मानवीय व्यवहार, संस्कार एवं संस्कृति का संवाहक रही है। चाहे वह संस्कृत नाटकों का सौम्य हास्य हो. संतों एवं कवियों के दोहे हों. थेरी कूट्ट. तमाशा, जात्रा, स्वांग भांड, नौटंकी आदि लोक परंपराओं की व्यंग्यपूर्ण कहानियाँ हों या समकालीन साहित्य की व्यंग्यात्मक शैली, सभी में हास्य ने जनमानस को आत्मचिंतन, संवाद और सुधार की दिशा में प्रेरित किया है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्टैंड अप कॉमेडी इस परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति का नया रूप लेकर उभरी है। डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित हास्य आधारित कंटेंट युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। परन्तु, हाल के वर्षों में इस माध्यम की प्रस्तुति तथा विषयवस्तु के स्तर में गिरावट देखी गई है। यह माध्यम जहाँ एक ओर सशक्त सामाजिक सुधारों का उपकरण बन सकता है, वहीं दूसरी ओर यह तेजी से 'शॉर्टकट प्रसिद्धि' की होड़ में अशोभनीय भाषा, धर्म, जाति, लैंगिक असंवेदनशीलता और राष्ट्रीय मूल्यों की अवमानना का मंच बनता जा रहा है। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता की आड़ में कई कलाकार जानबूझकर या अनजाने में धार्मिक प्रतीकों का उपहास, राष्ट्रनायकों की व्यंग्यात्मक आलोचना या सामाजिक प्रथाओं का मज़ाक उड़ाते हुए, लोकप्रियता पाने का प्रयास करते हैं। ऐसे अनेक कॉमिक सेगमेंट देखे गए हैं जहाँ केवल गालियों, यौन संकेतों या सांप्रदायिक टिप्पणियों के सहारे हँसी बटोरने का प्रयास किया जाता है।

# सामान्य वर्ग के निर्धन छात्रों के लिये निश्शुल्क कोचिंग और न्यूनतम आय सीमा बढ़ाने के भेजेंगे प्रस्ताव - मंत्री कुशवाह



भोपाल (आरएनएस) सामान्य निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निश्शुल्क कोचिंग तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आय की न्यूनतम सीमा को बढ़ाये जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा। यह निर्णय सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री तथा मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीब हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के लिये आयोग गठित किया गया है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आयोग के माध्यम से 11 विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, चिकित्सा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना के तहत भी निर्धारित 100 विद्यार्थियों की अधिकतम सीमा को बढ़ाये जाने की आवश्यकता जताई। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आयोग द्वारा इन सभी योजनाओं में वृद्धि के प्रस्ताव शासन को भेजे जायेंगे। मंत्री श्री कुशवाह ने पशुपालकों के लिये पशुपालन विभाग द्वारा संचालित आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिये। योजना में वर्ष 2024-25 में 1559 पशुपालकों को 5 करोड़ 20 लाख से अधिक की अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में सामाजिक न्याय, पशुपालन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और संस्थागत वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## पाकिस्तान बौखलाया हुआ

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल पलाप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा। इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है।

# पहलगाम आतंकी हमला के हमास-आईएसआई कनेक्शन को समझिए और दक्षिणी रणनीति को भेदिये!

कहीं अमेरिका, कहीं चीन, कहीं रूस, कहीं ब्रिटेन आदि की शह पर फलफूल रहा इस्लामिक आतंकवाद अब एक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा बन चुका है, जो हथियार-गोलाबारूद और सुरक्षा उपकरण निर्माता पूंजीवादी ताकतों को बेहद रास आ रहा है। ऐसा इसलिए कि हर विध्वंस के बाद होने वाले निर्माण से भी किसी न किसी रूप में पूंजीवादियों के ही कारोबार बढ़ते हैं। अलबत्ता शांतिप्रिय और प्रगतिशील देशों को इन वैश्विक षड्यंत्रों से निपटने के बारे में मौलिक रूप से सोचना होगा और जवाबी एहतियाती कार्रवाई करनी होगी, ताकि इनके नापाक मंसूबे कभी भी सफल नहीं हो सकें और ये आपस में ही लड़-भीड़ कर खत्म हो जाएं।

देखा जाए तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले ईसाई समुदाय ने दूसरी बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय को निबटाने के लिए आतंकवाद प्रोत्साहन जैसी अनोखी पहल की है, जिसके तहत अरब देश आपस में ही संघर्षरत हैं। इसके अलावा पड़ोसी मुस्लिम देश और अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी वाले गैर मुस्लिम देश भी इनकी जद में आ चुके हैं। भारत उनमें से एक है। इधर ईसाईयों और यहूदियों के चालों से सजग मुस्लिम देशों व उनके संगठनों ने काफ़िर मुक्त विश्व का सपना देखा है, जिसमें गैर मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं है। उनकी इस नापाक सोच से भी भारत के हिन्दू सबसे ज्यादा पीड़ित हैं।

कहना न होगा कि पहले औद्योगिक क्रांति और अब सूचना क्रांति से पैदा हुए पूंजीवाद के ऊपर सवार होकर ये जज्बातें दुनिया के एक बड़े भूभाग को तबाह किए हुए हैं7 पहले इंग्लैंड, फिर अमेरिका, उसके बाद रूस और अब चीन की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं ने इस कदर नैतिक-अनैतिक और प्रतिशोधी रूप में कट्टर इस्लाम मतावलम्बियों का सशत्र दुरूपयोग किया कि अब ये लोग भी दो-चार धड़ों में विभाजित हो चुके हैं और परस्पर खून-खराबे पर उतारू हैं। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता, उदारता और विश्वबंधुत्व की भावना ही उसके गले की हड्डी बन चुकी है। यही वजह है कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तुलना अब 7 अक्तूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमले से की जा रही है, जो अनायास नहीं है बल्कि इनके बीच कुछ लौकिक साम्यताएं भी दिखाई पड़ी हैं। पहलगाम आतंकी हमले वाले दिन पर यदि गौर करें तो इजरायल पर हमले से पहले हमास नेताओं की तरह ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने इस आतंकी हमले से कुछ दिन पहले आतंकवादी समूहों को उकसाने के लिए जानबूझकर सांप्रदायिक हिंसा को भड़काने की कोशिश की थी। तब जनरल मुनीर इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानी कन्वेंशन (ह्रख्न्) में भीड़ के सामने खड़े हुए और कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताते हुए विवादास्पद 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' का हवाला दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने हिंदू-मुसलमान कार्ड भी खेला और पाकिस्तानियों को हिदुस्तानियों से अलग बताया। इसलिए सवाल उठ रहे हैं कि आखिर अरब आतंकवादी/उग्रवादी संगठन हमास की राह पर ही क्यों चल रही है पाकिस्तानी सेना और इसके क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं? कहना न होगा कि इस समय पाकिस्तानी सेना का हाल लगभग वैसे ही है, जैसे 7 अक्तूबर 2023 के हमले के वक्त हमास का था। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते हमले, बलूचिस्तान में बढ़ते विद्रोह और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में बंद होने के बीच राजनीतिक अस्थिरता ने जनरल मुनीर की सत्ता पर पकड़ को नाटकीय रूप से कमजोर कर दिया है।

पाकिस्तानी सेना के जनरल चुपचाप मुनीर के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। ऐसे में जनरल मुनीर को कश्मीर मुद्दे को हाईलाइट कर पाकिस्तानियों का ध्यान भटकाने की जरूरत थी। ठीक वैसे ही हमास ने भी गाजा के कुप्रबंधन से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इजरायल पर हमला किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कम से कम जनता की भावना उसके पक्ष में हो।

ऐसे में यह समझना बेहद जरुरी है कि इस मुताल्लिक गढ़ी गई आईएसआई की दक्षिणी रणनीति क्या है और भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? क्योंकि 26/11 मुंबई हमलों के सूत्रधार तहव्वुर राणा के आसन्न प्रत्यर्पण ने जनरल मुनीर की कमजोरी को और बढ़ा दिया, जिससे आतंकवाद में पाकिस्तानी सेना की दशकों पुरानी मिलीभगत उजागर होने का खतरा पैदा हो गया है। खुफिया सूत्रों ने संकेत दिया कि आईएसआई ने कश्मीर में नए घुसपैठ की सावधानीपूर्वक तैयारी शुरू कर दी थी। जम्मू के सामने लॉन्च पैड पर लगभग 100 आतंकवादी जमा थे, जो पाकिस्तानी आईएसआई की भयावह दक्षिणी रणनीति के लिए तैयार थे। वहीं पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुई भयावह परिस्थियों के बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आतंकवादियों को वित्त पोषण देने की तीन दशकीय रणनीति भी स्वीकार की है, जिससे भारत और ज्यादा सजग और आक्रामक हुआ है। सीधा सवाल है कि आखिर पहलगाम हमले का हमास से क्या संबंध है? तो यहाँ पर यह जानना जरुरी है कि जब 22 अप्रैल 2025 की दोपहर को पहलगाम की सुंदर बैसरन घाटी की सुंदरता का आनंद ले रहे पर्यटकों पर चार से पांच आतंकवादियों ने हमला किया था,

## किसान उत्पादक संगठन का बढ़ता कारवां

किसान उत्पादक संगठन यानी एफपीओ क्या हैं? एफपीओ दरअसल कंपनी अधिनियम के चौदहवें भाग के खंड ए के तहत सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत किसान-उत्पादक संगठन हैं। खेती-किसानी और उससे जुड़ी गतिविधियों और उत्पादन के साथ ही विपणन से फायदा उठाने की कोशिश के तहत इन संगठनों को खड़ा किया गया है। साल 2014 के आम चुनावों के वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में साल 2022 तक भारतीय किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था। भारतीय कृषि की चुनौतियों को देखते हुए इस लक्ष्य को हासिल करना आसान नहीं। भारतीय किसान मेहनत तो खूब करता है, लेकिन आधुनिकीकरण की कमी, मांग और स्थान के लिहाज से व्यवस्थित आपूर्ति प्रबंधन की कमी और कृषि जोत में लगातार कमी के चलते उसे उसके परिश्रम का वाजिब फल नहीं मिल पाता। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने किसान उत्पादक संगठन की परिकल्पना की, इसके अंग्रेजी शब्दों के पहले अक्षर के नाम पर इसे एफपीओ के नाम से भी जाना जाता है। इस परिकल्पना को प्रधानमंत्री मोदी ने 29 फरवरी 2020 को मूर्त रूप दिया। इस योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसे लागू होने के ठीक पांच साल बाद यानी 24 फरवरी 2025 को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री ने दस हजारवें एफपीओ की शुरूआत की। बिहार के खगड़िया जिले में पंजीकृत इस एफपीओ का मकसद मक्का, केला और धान की फसल के उत्पादन और उसके विपणन पर है। बहरहाल एफपीओ योजना के तहत साल 2027-28 तक के लिए सरकार ने छह हजार 865 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इनकी मदद से एफपीओ को वित्तीय संसाधन मुहैया हुआ। इकको वजह से आज एफपीओ ना सिर्फ किसान संगठन हैं,

## बेतुके बयानों से बचें एवं राजनीतिक सहमति कायम रखें

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने विवादित बयान में कहा कि इस घटना से किसे फायदा हो रहा है और कौन हिंदू-मुस्लिम कर रहा है इसका जवाब हमला करने वाले के पास ही है। टिकैत ने जोर देकर कहा कि असली चोर पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में ही मौजूद है।

पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है, इसमें पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका को देखते हुए देश की एक सौ चालीस करोड जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सीखाना जरूरी हो गया है, नरेन्द्र मोदी सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन लेते हुए सिंधु जल को रोकने जैसे पांच कदम उठाये। दोनों ही देशों के बीच युद्ध की स्थिति बनी है, यह पहली बार देखने को मिला है कि इस घटना को लेकर कश्मीर सहित समूचा देश एक दिखाई दे रहा है। ऐसे क्रूर, आतंकी एवं अमानवीय हमले के वक्त में पूरा देश दुख और गुस्से की मन:स्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। सभी राजनीतिक दल, जाति, वर्ग, धर्म के लोग पाकिस्तान को करारा जबाव देने के लिये मोदी सरकार के हर निर्णय में सहयोगी होने का संकल्प व्यक्त किया है, बावजूद इसके कुछ नेताओं के ओछे, बेतुके एवं अराष्ट्रीय बयान भी सामने आए हैं, जिनको सुनकर इन नेताओं के मानसिक दिवालियेपन, औछेपन एवं विध्वंसक राजनीतिक सोच पर क्रोध भी आता है एवं तरस भी आता है। निश्चित ही ये बयान जहां अंधविरोध की घोर नकारात्मक एवं संकीर्ण राजनीति को दर्शाते है, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति को उजागर करते हैं। भाजपा नेताओं को भी यह ध्यान रखना होगा कि उनकी ओर से ऐसा कुछ न कहा-किया जाए, जिससे यह लगे कि वे पहलगाम की घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। जब राष्ट्र संकट एवं जटिल दौर में हो, किसी का राजनीतिक हित देशहित से बड़ा नहीं हो सकता। अनर्गल, बेतुके एवं राष्ट्र-विरोधी बयानों ने एक बार फिर कुछ नेताओं एवं दलों की घटिया सोच को बेनकाब किया है। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना पर अपने नेताओं के बेतुके बयानों का संज्ञान लिया और यह निर्देश दिया कि वे इस हमले पर पार्टी लाइन के हिसाब से ही बोलें। ऐसे निर्देश देना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि उसके कई बड़े नेता और यहां तक कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी बेलगाम होकर यह कह गए कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं। वहीं के एक मंत्री एवं नेता ने तो कहा कि आतंकियों के पास इतना समय कहां होता है कि वह किसी को मारने से पहले उसका धर्म पूछें। इसी तरह का बयान महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक ने भी दिया। हद तो यह हो गई कि जब यह भी बोला गया कि जो महिला कह रही है कि उसके पति को मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया, उसने अपना होशोहवास खो दिया होगा। एक अन्य कांग्रेस नेता ने यह बेतुकी बात कही कि पाकिस्तान भाजपा और आरएसएस का दुश्मन होगा, कांग्रेस का नहीं?

## चंदन लगाने के 10 और पहनने के 6 चमत्कारिक फायदे

चंदन का पेड़ होता है. इस पेड़ की लकड़ी से ही चंदन निकलता है. लकड़ी को घीस कर ही चंदन निकाला जाता है. चंदन कई प्रकार का होता है, जिसमें प्रमुख है रक्त और श्?वेत चंदन. अन्य प्रकार है- हरि चंदन, गोपी चंदन, सफेद चंदन, लाल चंदन, गोमती और गोकुल चंदन. चंदन शीतलता प्रदान करने वाला होता है. आओ जानते हैं कि चंदन का तिलक लगाने या इसकी माला पहने से क्या फायदे होते हैं.

चंदन की माला:

1. मां दुर्गा की उपासना रक्त चंदन की माला से करना चाहिए. इससे मंगल ग्रह के दोष भी दूर होते हैं. चंदन की माला से दुर्गा उपासना के लिए *ज़? दुर्ग दुर्गाय नम:* का मंत्र जपना चाहिए. 2. इसके अलावा चंदन की माला विष्णु, राम और कृष्ण से संबंधित जपों की सिद्धि के लिए उपयोग में लाई जाती है. 3. सफेद चंदन की माला से महासरस्वती, महालक्ष्मी मंत्र, गायत्री मंत्र आदि का जप करना विशेष शुभफलप्रद होता है. 4. चंदन की माला से गायत्री उपासना का लिए *ज़? भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात..* उक्त मंत्र का जप करने से यह बहुत ही जल्द सिद्ध हो जाता है. 5. चंदन की माला धारण करने से नौकरी पेशा में उन्नती तो होती ही है सभी लोग ऐसे व्यक्ति से खुश रहते हैं

## फर्जी चिकित्सा के दुष्परिणाम साझा किए जाएं

कुमार समीर

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनियमितताएं किस तरह बेलगाम हो गई हैं, इसका ताजा उदाहरण दमोह के फर्जी डॉक्टर का मामला है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर, किस तरह प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मध्य प्रदेश के दमोह जिले का यह फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट 'डॉक्टर' एन जॉन कैम सालों से लाचार, परेशान, मुसीबतों के मारे मरीजों का ईलाज कर रहा था? आरोपी 'डाक्टर' का दुस्साहस देखिए कि उसने अपना असली नाम छिपा कर मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। दमोह जिले के मिशन अस्पताल में आरोपी डाक्टर का नाम डॉक्टर एन जॉन कैम दर्ज था जबकि उसका असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है जबकि उसके फर्जी दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के फेक नाम लिखे हुए हैं।

आरोपी का मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ ऐसे ही बेरोकटोक चलता रहता अगर इसके द्वारा की गई 15 लोगों की हार्ट सर्जरी के दौरान सात लोगों की जान नहीं चली गई होती। इस फर्जी डाक्टर की पहुंच, पहचान कितनी तगड़ी थी, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 15 लोगों के हार्ट की सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने 2006 में एक निजी अस्पताल में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की सर्जरी भी की थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। इसका दावा उनके बेटे ने किया है।

आखिर, इस तरह के लोगों की भनक तक प्रशासन, स्वास्थ्य महकमे को क्यों नहीं लगती। आश्चर्य तो यह है कि ऐसे ज्यादातर मामलों का खुलासा तब होता है जब इनके कारनामे से बड़ा नुकसान हो जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं के गोरखधंधे में कई चीजें शामिल हो गई हैं, जैसे कि स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स। स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी में ऐसे उत्पादों या सेवाओं का दावा करना शामिल है, जो बीमारियों को ठीक करने या रोकने का वादा करते हैं, लेकिन वे सुरक्षित या प्रभावी नहीं होते। बैंकिंग धोखाधड़ी में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों द्वारा धन या सेवाएं प्राप्त करना शामिल है, जैसे कि झूठे दावे प्रस्तुत करना या अधिक बिलिंग करना। नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गोरखधंधे के उदाहरण हैं। फर्जी चिकित्सक नकली दवाओं के साथ-साथ जांच भी फर्जी कर रहे हैं। इसके लिए एक मशीन रख ली है, जिस पर हाथ रख कर ही 55 जांच करने का दावा कर रहे हैं। कई लोगों को इतना बीमार बता दिया जाता है कि वे सदमे में आ जाते हैं। लैब से जांच कराई तो सारी जांच गलत निकलती है।

## गर्मी की लाभकारी वस्तुओं का दान पुण्यकारी माना गया है

अक्षय तृतीया वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। इसे आखा तीज भी कहा जाता है। इस वर्ष ये त्यौहार 28 अप्रैल को मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया या आखा तीज वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहा जाता है। पौराणिक ग्रंथों में बताया गया है कि इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, किंतु वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्तों में मानी गई है। कहा जाता है कि इस दिन बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह-प्रवेश, वस्त्र-आभूषणों की खरीददारी या घर, भूखंड, वाहन आदि की खरीददारी आदि कार्य किए जा सकते हैं। इस दिन पितरों को किया गया तर्पण या किसी भी प्रकार का दान, अक्षय फल प्रदान करने वाला है। इस दिन गंगा स्नान करने से तथा भगवत पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। मान्यता है कि यदि इस दिन मनुष्य अपने या स्वजनों द्वारा किए गए जाने-अनजाने अपराधों के लिए सच्चे मन से ईश्वर से क्षमा प्रार्थना करे तो भगवान अपराधों को क्षमा कर देते हैं

## कांग्रेस में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी

अजय तिवारी

कांग्रेस को कसक है कि उसके पूर्व अध्यक्षों महात्मा गांधी और सरदार पटेल का राजनीतिक फायदा भाजपा उठा रही है। गुजरात के अहमदाबाद अधिवेशन के जरिए पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी दिया कि आगे कांग्रेस के इन दोनों नेताओं का फायदा राजनीतिक प्रतिद्विंद्वियों को नहीं उठाने देना है।

अहमदाबाद अधिवेशन का एक मकसद 2027 के गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस को तैयार करना भी था। यही वजह है कि अधिवेशन में गुजरात पर अलग से प्रस्ताव भी लाया गया। प्रस्ताव में गुजरातियों को कुपोषण, नशा, बेरोजगारी से मुक्ति के सपने दिखाए गए हैं। जातिगत जनगणना और पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा है। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने स्पष्ट कर दिया कि निष्क्रिय और काम नहीं करने वाले नेताओं को रिटायर किया जाएगा। यह राहुल गांधी की ही लाइन है। पहली गाज जिला अध्यक्षों पर गिरेगी। इसकी शुरुआत गुजरात से की जा रही है। गुजरात में इस काम के लिए 42 केंद्रीय पर्यवेक्षक और 182 प्रदेश पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। राहुल गांधी ने रह कर नये जिला अध्यक्ष बनाने की पूरी प्रक्रिया खुद समझाई।

पार्टी ने महसूस किया है कि जिला और बूथ स्तर पर कमजोरियों की वजह से ही वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को शिकस्त नहीं दे पाती है। अहमदाबाद अधिवेशन का बड़ा मकसद पार्टी को जिला और बूथ स्तर पर मजबूत बनाना ही है। राहुल के शब्दों में पार्टी की नींव मजबूत किए जाने की जरूरत है यानी वह भी मान रहे हैं कि पार्टी की नींव हिल गई है। दरअसल, 300 से ज्यादा जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने अधिवेशन से पहले चर्चा की थी। उन्हें बताया गया था कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी लेकिन खराब प्रदर्शन पर उन्हें हटाया भी जाएगा।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल खुद कहते हैं कि जिला अध्यक्षों के साथ ऐसी बैठक 20 साल बाद हुई है। अहमदाबाद अधिवेशन इस बात के लिए भी याद रखा जाएगा कि यह काफी व्यवस्थित था। इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे नेताओं को आयोजन स्थल पर प्रवेश से लगा कर भोजन और ठहरने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। ऐसी दिक्कतें कांग्रेस के आयोजनों में आम बात होती है क्योंकि वहां प्राय: जवाबदेही का अभाव रहता है। कांग्रेस के दिल्ली, उदयपुर और रायपुर के आयोजन शिकायतों से भरे रहे थे और ये शिकायतें कांग्रेस अध्यक्ष के पास तक भी पहुंची थीं। यहां तक कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी और श्रीनगर में भी इंतजामों की कमी थी।

अहमदाबाद अधिवेशन में दूसरे राज्यों से पहुंचे नेता यह देखकर चकित थे कि भाजपाशासित राज्य में पुलिस का रवैया बेहद सहयोगात्मक था। कार्यसमिति बैठक स्थल सरदार पटेल स्मारक, प्रार्थना सभा स्थल साबरमती आश्रम और अधिवेशन स्थल साबरमती रिबरफ्रंट या विमानतल-रेलवे स्टेशन पर किसी कांग्रेस नेता या पत्रकार को पुलिस ने रोका हो ऐसी घटना सामने नहीं आई। अहमदाबाद में कांग्रेस नेता खरगे-राहुल के सड़क किनारे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगे देख कर भी बाहर से आए नेताओं को आश्चर्य हुआ कि भाजपा की नगर निगम ने इन्हें आयोजन संपन्न होने तक नहीं हटाया!

दक्षिण की राजनीति को प्रभावित कर रहे परिसीमन का कांग्रेस के प्रस्ताव में जिक्र नहीं होना वहां के नेताओं को अच्छा नहीं लगा। पचास करोड़ श्रमिकों को प्रभावित करने वाले लेबर कोड को भी प्रस्ताव में जगह नहीं देने से श्रमिक वर्ग में अच्छा संदेश नहीं गया है। प्रस्ताव में एमएसपी की कानूनी गारंटी और किसान आंदोलन को दबाए जाने का जिक्र है लेकिन किसानों को खदड़ने वाली पंजाब की आप सरकार की आलोचना नहीं करने से इस चर्चा को बल मिला है कि गुजरात में केजरीवाल से फिर हाथ मिलाया जा सकता है। पंजाब की आप सरकार ने एक साल पुराने किसान आंदोलन को बलपूर्वक कुचल दिया था और किसानों को जेल में डाल दिया था। अधिवेशन में इस पर गंभीरता से चर्चा नहीं हुई, प्रस्ताव में भी सिर्फ जिक्र भर है।

अधिवेशन में नेता और कार्यकर्ता के बीच पैदा हो गई दूरी को कम करने पर भी विचार नहीं किया गया। पार्टी सरकार में नहीं है फिर भी पदाधिकारी और नेताओं का मिलना तो दूर उनके दर्शन तक दुर्लभ हैं। कांग्रेस के नेता ही नहीं प्रवक्ता भी अहंकारी हो गए हैं, यह बात हाई कमान को दिखाई नहीं देती। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे हों या राहुल उनके यहां से अब कार्यकर्ताओं को पत्रों के जवाब नहीं मिलते। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अनुसूचित जाति के कार्यकारी अध्यक्ष ने भूमाफिया के दबाव में पिछले साल आत्महत्या कर ली थी, जब आत्महत्या पूर्व लिखे गए पत्र के आधार पर एफआईआर नहीं हुई तो उनकी बेटी ने मदद के लिए खरगे, राहुल, प्रियंका को पत्र लिखे। इस मामले में उसे डेढ़ महीने बाद भी किसी का जवाब नहीं मिला। इस पत्र में उसने यह भी लिख दिया था कि जब कांग्रेस अनुसूचित जाति के अपने कार्यकर्ता के परिवार को न्याय नहीं दिलाती है तो जय बापू-जय भीम-जय संविधान का नारा कैसे लगाती है! कांग्रेस के सबसे पुराने संगठन सेवादल में असंतोष का विषय भी है, इसे भी हाई कमान नजरंदाज किए हुए है। सेवादल के प्रमुख गुजरात से ही आते हैं,अच्छा होता कि खरगे-राहुल अधिवेशन के दौरान ही इस असंतोष को दूर कर देते।

कांग्रेस में कहा जा रहा है कि जब प्रदर्शन और जवाबदेही के आधार पर जिला और ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाएंगे तो पार्टी पर क्षत्रपों का दखल कम होगा। राहुल क्षत्रपों की गुटबाजी को इसी फामरूले से खत्म करना चाहते हैं। हालांकि इस फार्मले पर अमल कैसे होगा, इसको लेकर पार्टी के भीतर काफी सवाल हैं। ऐसे जिला अध्यक्ष जिनका कोई कारोबार नहीं है, वे पार्टी के रोजमर्रा के खर्च कैसे चलाएंगे? राहुल फामरूले में यह भी है कि निचले स्तर पर नेतृत्व संभालने वाले नेताओं को पार्टी के रोजमर्रा के खर्च और कार्यक्रमों के लिए खुद ही धन जुटाना है। सवाल यह भी है कि पार्टी में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी है,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकझोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा।

मिथुन राशि: आज आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नए-नए अनुभव मिलेंगे। मानसिक उलझन का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा,

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे।

तुला राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा,

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर समय बिताएंगे। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

धनु राशि: आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बनाएंगे। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे,

मकर राशि: आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटो-मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा।



प्रधानमंत्री ने 23 अप्रैल को पहली सीसीएस बैठक की अध्यक्षता की थी, जो पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के एक दिन बाद हुई थी जिसमें 26 लोग मारे गए थे। सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई गैर-सैन्य उपायों की घोषणा की थी - इनमें सबसे बड़ा कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी सीमा को बंद करना और भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के सभी वीजा रद्द करना था। पिछली बैठक 2019 में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद हुई थी, जिसमें कम से कम 40 सीआरपीएफ जवान मारे गए थे।

# आपको इस बार स्वर्ग भेजकर रहेंगे, यमराज तय करेंगे जगह' अमित शाह को इशारों में ये क्या कह गए खड़गे ?

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आज कांग्रेस के दिग्गजों का जमावड़ा लगा। 'संविधान बचाओ रैली' के मंच से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित तमाम बड़े नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर दिए गए एक पुराने बयान पर पलटवार करते हुए तीखा हमला बोला।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में अमित शाह द्वारा दिए गए उस बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'आप अंबेडकर का इतना नाम लेते तो स्वर्ग पहुंच जाते।' खड़गे ने इसी बयान पर पलटवार करते हुए कहा, शाह बोलते हैं कि आप अंबेडकर का इतना नाम लेते तो स्वर्ग पहुंच जाते, तो हमने भी तय किया है कि आपको इस बार स्वर्ग भेजकर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्वर्ग में जगह मिलेगी या नहीं, इसका फैसला तो यमराज करेंगे। खड़गे का सीधा इशारा अमित शाह की तरफ था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि संविधान बनाने वाली समिति के सदस्य खुद यह मानते थे कि अगर अंबेडकर जी समय न देते तो शायद संविधान इस रूप में नहीं आ पाता। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता ऐसा बोलते हैं कि बाबा साहेब का इतना नाम लेते तो स्वर्ग मिल जाता।

गौरतलब है कि अमित शाह ने पिछले साल संसद सत्र के दौरान लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था। उसी दौरान उन्होंने कहा था, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। हालांकि, उनके इस बयान के एक हिस्से को काट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था, जिस पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अंबेडकर का अपमान बताया था और अमित शाह से माफी मांगने की मांग की थी। आज जयपुर रैली में खड़गे ने उसी बयान का हवाला देते हुए बीजेपी और अमित शाह पर निशाना साधा।

**पाकिस्तान ने इंसानियत का किया कत्ल : फारूक अब्दुल्ला**

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना पर जेकेएनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमें इस घटना को लेकर बहुत ही ज्यादा अफसोस है। लेकिन, हमारा पड़ोसी आज भी यह नहीं समझता है कि उसने इंसानियत का कत्ल किया है।

सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर पाकिस्तान यह समझता है कि इस तरह की आतंकी घटना से हम लोग पाकिस्तान चले जाएंगे तो पाकिस्तान को इस गलतफहमी को दूर करना चाहिए।

हम जब 1947 में उनके साथ नहीं गए तो आज क्यों जाएंगे। हमने तब टू नेशन थ्योरी को पानी में फेंक दिया था। हम आज भी टू नेशन थ्योरी को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत में रहने वाले हिन्दू, सिख, ईसाई, मुसलमान हम सभी एक हैं। पाकिस्तान अगर यह सोचता है कि हम इस आतंकी घटना के बाद कमजोर हो जाएंगे तो वह गलत हैं। हम किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने वाले हैं। हम इससे मजबूत हो रहे हैं। पाकिस्तान को अच्छा जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान के साथ बातचीत पर उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा बातचीत का समर्थन किया है। लेकिन, जो आतंकी घटना पहलगाम में हुई। 26 निर्दोष लोगों को उनके परिजनों के सामने मौत के घाट उतार दिया गया। हम पीड़ितों को क्या जवाब देंगे कि हम पाकिस्तान के साथ बात करेंगे। क्या ऐसा करना पीड़ितों के लिए इंसाफ होगा। आज भारत चाहता है ऐसी कार्रवाई हो, जिससे दोबारा ऐसी कोई चीज न हो।

आतंकी हमले के दौरान टूरिस्टों की मदद करने वाले लोगों के बारे में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम लोगों ने हमेशा भाईचारे को पकड़ा है। आज भी उसका उदाहरण आप लोगों के सामने आ गया है।



आईओएस सागर पोर्ट लुईस बंदरगाह पर पहुंचा, जिससे मॉरीशस के राष्ट्रीय तट रक्षक के साथ संयुक्त ईईजेड निगरानी का प्रथम चरण पूरा हो गया.



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित अपने कैंप कार्यालय में सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विसेज की हाई हिमालयन मेडिकल सर्विस को हरी झंडी दिखाई और संजीवनी किट का शुभारंभ किया.

# निशिकांत दुबे ने भारत में ब्याही गई पाकिस्तानी युवतियों का उठाया मुद्दा, दावा- 'इनकी संख्या 5 लाख से ज्यादा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान की उन युवतियों की बात की है जिनका विवाह भारत में हुआ है। उनके मुताबिक पांच लाख से ज्यादा पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी करके रह रही हैं।

निशिकांत दुबे ने कहा कि इन लड़कियों को अभी तक भारत की नागरिकता नहीं मिली है। उन्होंने इन्हें आंतरिक दुश्मन बताते हुए इनसे निपटने की बात कही।

निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पाकिस्तानी आतंकवाद का एक नया चेहरा अब सामने आया, लगभग पांच लाख से ऊपर पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी कर हिंदुस्तान में रह रही है, आज तक उनको भारत की नागरिकता नहीं मिली है। अंदर घुसे इन दुश्मनों से लड़ना कैसे है? निशिकांत दुबे के इस पोस्ट ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में तीखी बहस छेड़ दी है। दरअसल निशिकांत दुबे का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया और कई कड़े कदम उठाए है। सरकार ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया है, जो दोनों देशों के बीच जल संसाधनों के बंटवारे का महत्वपूर्ण समझौता था। इसके अलावा, भारत ने शॉर्ट टर्म वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया था। इसके बाद से ही भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित की गई और देश के अलग-अलग राज्यों से उनका पता लगाकर पाकिस्तान रवाना किया गया। निशिकांत दुबे पहलगाम आंतकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर इन दिनों हमलावर है। बीते दिनों उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने कश्मीर का हमारा जो हिस्सा लिया है, उसे तो हम वापस लेंगे ही, इसके अलावा पाकिस्तान को खंडित कर बलूचिस्तान, पख्तूनिस्तान और पंजाब नामक अलग-अलग देश बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कर दिखाएंगे। यह बात मैं पूरे दावे के साथ कह रहा हूं। अगर पाकिस्तान इस वर्ष के बाद कई खंडों में नहीं बंटा तो आप यह कहने को स्वतंत्र होंगे कि भारतीय जनता पार्टी वाले लोगों को झूठे आश्वासन देते हैं।

**पाकिस्तान के कब्जे में बीएसएफ जवान, पत्नी कोलकाता से पठानकोट के लिए रवाना**

कोलकाता (आरएनएस)। पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम साहू की पत्नी रजनी कोलकाता से पठानकोट के लिए रवाना हो गईं। दोपहर में अपने घर से निकलकर वह हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनके साथ उनके परिवार के चार अन्य सदस्य भी थे। रजनी ने हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह पठानकोट पहुंचने पर बीएसएफ के सीओ (कमांडिंग ऑफिसर) से मिलेंगी,

## पानी बंद होने पर पाकिस्तान में बिलबिलाहट : केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल

सूरत (आरएनएस)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने तीखा हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का पानी रोकने पर बिलावल को बिलबिलाहट हो गई है।

सीआर पाटिल सूरत में जलसंचय कार्यक्रम में सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने जल संचय के महत्व पर जोर दिया। पाटिल ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा दी गई धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया गया है और इसके बाद बिलावल की बिलबिलाहट शुरू हो गई। वह कह रहे थे कि अगर नदी में पानी नहीं आएगा तो भारत में खून की नदियां बहेंगी।

उन्होंने आगे कहा, क्या हमें ऐसे लोगों से डरना चाहिए? मैं कहता हूं, भाई जरा शांति रखो। अगर ताकत है तो आओ यहां। हम ऐसी धमकियों की चिंता किए बिना अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और पानी बचाने के प्रयास करते रहेंगे।

सीआर पाटिल ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए हो सकता है, लेकिन उनका विश्वास था कि भारत पानी के लिए कोई युद्ध नहीं करेगा,



गुजरात के वडोदरा में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त लीना पाटिल और डीसीपी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में बापोद के एकता नगर इलाके में तलाशी अभियान के दौरान पुलिसकर्मी संदिग्ध अवैध प्रवासियों को सत्यापन के लिए लाते हुए।

## अश्लील कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र और ओटीटी प्लेटफार्म्स को नोटिस जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोशल मीडिया और ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म्स पर परोसे जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ नेटफ्लिक्स, उल्लू डिजिटल लिमिटेड, ऑल्ट बालाजी, ट्विटर, मेटा प्लेटफॉर्म्स और गूगल सहित कई सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर और कुछ अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता पर प्रभावी रोक लगाने और इस तरह के कंटेंट के नियमन के लिए नेशनल कंटेंट कंट्रोल अथॉरिटी (ह्ष्टष्ह्र) के गठन की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सभी प्लेटफॉर्म्स अश्लीलता को रोकने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश तय करें।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले की गंभीरता को स्वीकार किया। उन्होंने दलील दी कि सरकार इस याचिका को हल्के में नहीं ले रही है और बच्चों पर ऐसे कंटेंट के पड़ रहे बुरे प्रभाव को लेकर चिंतित है।

# हम पाकिस्तान के साथ खड़े हैं भारत ने खुद मरवाए हैं हिंदू , खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने फिर उगला जहर

नई दिल्ली (आरएनएस)। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत विरोधी जहर उगला है। सिख्स फॉर जस्टिस (स्न्नछ्व) के प्रमुख पन्नू ने खुलकर पाकिस्तान का साथ देने की बात कही है और भारतीय सेना को खुली धमकी दी है। पन्नू ने कहा कि पंजाब के रास्ते भारतीय सेना को पाकिस्तान पर हमला नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही पाकिस्तान को पाक बताते हुए दावा किया कि सिख समुदाय पाकिस्तान के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। पन्नू ने यह बातें 'आजाद डिजिटल' को दिए एक इंटरव्यू में कही हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या हुई थी। पन्नू ने इस पर विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि पहलगाम में हिंदुओं का नरसंहार भारत ने खुद कराया ताकि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग किया जा सके और चुनावी फायदे उठाए जा सकें। पन्नू ने पाकिस्तान सरकार और जनता से खालिस्तान को मान्यता देने की भी मांग की। उसने कहा, यह 1965 या 1971 नहीं है, यह 2025 है। हम पाकिस्तान के साथ ईंट की तरह खड़े हैं। भारत को पाकिस्तान पर हमला नहीं करने देंगे। इसके साथ ही पन्नू ने दुनियाभर में पाकिस्तान का समर्थन करने की बात कही और भारत को कूटनीतिक मोर्चे पर घेरने की धमकी दी।

## घटना होने से पहले बता दूंगा' पहलगाम हमले के बाद बाबा बागेश्वर का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश में आक्रोश भर दिया है। इस हमले के बाद पाकिस्तान से बदला लेने की भावनाएं प्रबल हैं, और लोग अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अपनी शक्तियों को राष्ट्रहित में उपयोग करने की बात कही है।

वायरल हो रहे क्लिप में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री यह दावा करते दिख रहे हैं कि वे अपनी शक्ति के माध्यम से भविष्य में होने वाली घटनाओं का पूर्वानुमान लगा सकते हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर इस दावे के साथ साझा किया जा रहा है कि देश की सुरक्षा के लिए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की शक्तियों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। वीडियो में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने देश के रक्षा मंत्री से आग्रह करते हुए कहा, हम तो भारत के रक्षा मंत्री से भी कहेंगे




कोलकाता में पशु क्रूरता के खिलाफ एक पशु अधिकार कार्यकर्ता ने किया विरोध प्रदर्शन.



पटना में पाटलिपुत्र खेल परिसर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में बिहार रा%य खेल प्राधिकरण को सबसे बड़े गायन बाउल समूह के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रदान किया गया।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर दिए बयान पर रॉबर्ट वाड्रा की सफाई, 'मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा'

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना पर अपने पुराने बयान को लेकर विवादों में आए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा।

सोमवार को उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि मैं ये शब्द पूरी ईमानदारी और सच्चाई के साथ लिख रहा हूं। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसे उसी भावना से लिया जाए। वाड्रा ने कहा कि मैंने पहले जो कहा उसे उसके संपूर्ण संदर्भ में पूरी तरह से नहीं समझा गया है क्योंकि मेरे इरादों की गलत व्याख्या की गई है।

उन्होंने आगे लिखा, चलिए मैं मानता हूं कि उन्हें स्पष्ट करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं ईमानदारी, पारदर्शिता और सम्मान के साथ खुद को स्पष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैंने कुछ दिनों तक मौन रहने का विकल्प चुना है। लेकिन, इसे निष्क्रियता, उदासीनता या देशभक्ति की कमी के रूप में न समझा जाए। वास्तव में, यह मेरे देश के प्रति मेरे गहरे प्रेम, सत्य के प्रति मेरे अगाध सम्मान और ईमानदारी के प्रति मेरी प्रतिबद्धता के कारण ही है कि मैंने बोलने से पहले चिंतन करने के लिए समय निकाला है। वाड्रा ने कहा, मैं इस बारे में स्पष्ट कर दूं कि मैं कहां खड़ा हूं और हमेशा से कहां खड़ा रहा हूं, मैं उस भयानक आतंकवादी हमले की पूरी तरह निंदा करता हूं जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई और परिवार बिखर गए। मैं हमेशा भारत के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। उन्होंने आगे लिखा कि कोई भी औचित्य नहीं है- राजनीतिक, धार्मिक या वैचारिक- जो कभी भी असहाय लोगों के खिलाफ हिंसा के इस्तेमाल को माफ कर सके।

वाड्रा ने अंत में महात्मा गांधी के अहिंसक मंत्र की याद दिलाई। आगे लिखा, मेरा मानना है कि किसी भी रूप में आतंक, न केवल व्यक्तियों पर बल्कि मानवता की आत्मा पर हमला है। यह हर इंसान के बिना डरे जीने के मूल अधिकार को खत्म कर देता है। कोई भी कारण इतना उचित नहीं है कि निर्दोष लोगों के खून बहाने को सही ठहराया जा सके। मैं हम सभी से यह याद रखने का आह्वान करता हूं कि गांधी जी ने हमें क्या सिखाया, अहिंसा निष्क्रिय नहीं है। यह सबसे साहसी विकल्प है जो हम चुन सकते हैं।

बता दें कि वाड्रा ने पहलगाम घटना पर कहा था कि देश के मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं और यह घटना पीएम मोदी के लिए एक संदेश है।



किआरा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ??इस समय सुर्खियाँ बटोर रहे हैं क्योंकि यह जोड़ा अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहा है। उनके सार्वजनिक रूप से बाहर निकलने के बारे में बढ़ती चर्चा के बीच, किआरा की अपने बेबीमून से नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट ऑनलाइन प्रशंसकों के लिए एक आकर्षण बन गई है। 29 अप्रैल को, किआरा ने अपने पति, अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ??के साथ अपनी हाल ही की छुट्टियों के कुछ मनमोहक पलों को साझा किया। उन्होंने पोस्ट को बिना किसी कैप्शन के रखा, लेकिन जिस अनोखे तरीके से उन्होंने अपने प्रवास के दौरान स्वागत कार्ड में से एक को छुपाया,

# करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम पर शेयर की लेटेस्ट फोटोज, फैंस ने नेचुरल ब्यूटी का दिया टैग



मशहूर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटोज में करिश्मा डेनिम जींस और वाइट टॉप में नजर आ रही हैं। वह सभी फोटोज में बैठे हुए शानदार पोज दे रही हैं और अपने फेस एक्सप्रेशन से कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस की यह फोटोज अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा- लवली

दूसरे यूजर ने कमेंट में लिखा- उफ्फ! तुम्हारी मदहोश आंखें

एक अन्य यूजर ने लिखा- नेचुरल ब्यूटी

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने 2001 में टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरुआत की। वह बाल वीर, नागिन 3, कयामत की रात जैसी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिसमें दोस्ती: फ्रेंड्स फॉरएवर, ग्रैंड मस्ती, संजू जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज करले तू भी मोहब्बत और स्कूप में भी काम किया है।

वह रियलिटी शो बिग बॉस 7 की रनर-अप रहीं। उन्होंने झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शोज भी किए। वह खतरों के खिलाड़ी 10 की विजेता रही हैं। तन्ना अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी की। वरुण बंगेरा एक बिजनसमैन हैं और वीबी क्रॉप नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। दोनों पहली बार कॉमन फ्रेंड सुवेद लोहिया की पार्टी में मिले थे। तकरीबन दो साल तक डेट करने के बाद दोनों 5 फरवरी 2022 को शादी के बंधन में बंध गए।

**संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का नया गाना तारारारा जारी, मीका सिंह ने दी आवाज**

दिग्गज अभिनेता संजय दत्त जल्द ही फिल्म द भूतनी में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव ने संभाली है। संजय के साथ इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में मौनी रॉय भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। पलक तिवारी और सनी सिंह भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए दिखाई देंगे।

अब निर्माताओं ने द भूतनी का नया गाना तारारारा जारी कर दिया है, जिसे मीका सिंह ने अपनी आवाज दी है। तारारारा गाने में पलक और सनी साथ में डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस गाने के बोल फिल्म के निर्देशक सिद्धांत ने लिखे हैं। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर द भूतनी का सामना अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे सितारों से सजी

### हिट 3 का तीसरा गाना थानु हुआ रिलीज, गाने में रोमांस की जगह दिखा धांसू एक्शन

साउथ अभिनेता नानी की एक्शन ड्रामा फिल्म हिट 3 द थर्ड केस 1 मई को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म की रिलीज से पहले प्रशंसकों का उत्साह बनाए रखने के लिए फिल्म मेकर्स ने इसका तीसरा गाना थानु रिलीज किया है।

फिल्म हिट 3 में नानी के साथ केजीएफ फेम श्रीनिधि शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। आज शाम, मेकर्स ने फिल्म का तीसरा गाना थानू रिलीज किया, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने गाया है। इस गाने को राघव ने लिखा और संगीत मिकी जे मेयर ने तैयार किया है।

इस गाने के वीडियो में फिल्म के सीन नहीं हैं, क्योंकि इसमें कहानी के अहम हिस्से हैं।

# उलझन में वामिका गब्बी, खुद ही बोल पड़ीं- आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है



बॉलीवुड एक्ट्रेस वामिका गब्बी अपनी अपकमिंग फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर फैंस जितना उत्सुक हैं, उतना ही एक्साइटेड वह अभिनेत्री की पोस्ट को लेकर भी दिखाई देते हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की और लिखा कि वह थोड़ी कंफ्यूज्ड हैं।

वामिका ने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका क्लोज-अप शॉट है। वामिका ने ब्लैक कलर का टॉप पहना हुआ है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है।

इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है पर दिल में प्यार बरकरार है।

कैप्शन में उन्होंने वाइट हार्ट और पिंक फ्लावर इमोजी का भी इस्तेमाल किया है।

भूल चुक माफ के बारे में बात करते हुए, मेकर्स ने फिल्म का हाल ही में नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज किया, जिसमें वामिका राजकुमार संग रोमांस करती नजर आईं। इस गाने को सुनिधि चौहान और नीरज श्रीधर ने गाया है। वहीं, कंपोज प्रीतम और तनिष्क बागची ने किया है। यह गाना सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल के सॉन्ग चोर बजारी का रीमेक है, जिसमें वह दीपिका पादुकोण के साथ नजर आए थे। फिल्म में राजकुमार रंजन तिवारी और वामिका गब्बी तितली मिश्रा के किरदार में हैं। दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक है।

### इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो का पहले ही दिन हाल-बेहाल, केसरी 2 50 करोड़ के पार

इमरान हाशमी को पिछली बार सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखाया। अब फिल्म ग्राउंड जीरो के साथ इमरान ने बड़े पर्दे पर वापसी की है, जिसका पूरा दारोमदार उन्हीं पर है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन उनकी इस फिल्म की शुरुआत बहुत सुस्त रही। आइए इसके साथ-साथ फुले और केसरी 2 का हाल भी जान लें। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने रिलीज के पहले दिन 1 करोड़ का कारोबार किया है। ट्रेड पंडितों की मानें तो फिल्म का वीकेंड भी निराशाजनक ही रहने वाला है और इसके पहले वीकेंड पर 5-6 करोड़ रुपये के बीच में ही कमाई करने की उम्मीद है। इमरान की यह फिल्म उनकी सुपरफ्लॉप फिल्म सेल्फी की ओपनिंग को पछाड़ने में भी नाकाम रही। सेल्फी ने रिलीज के पहले दिन 2.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी ।ग्राउंड जीरो के निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर हैं। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, जो बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने साल 2003 में उस ऑपरेशन का नेतृत्व किया था, जिसमें आतंकवादी राणा ताहिर नदीम मारा गया था, जिसे गाजी बाबा के नाम से जाना जाता है। 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में साईं ताम्हणकर भी हैं। उधर फुले भी सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को रिलीज हुई। यह फिल्म काफी विवादों में रहीं, लेकिन विवाद का फायदा भी इसे नहीं मिला और पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई है। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन केवल 21 लाख रुपये कमाए हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अनंत महादेवन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। प्रतीक गांधी और पत्रलेखा ने फिल्म मे मुख्य भूमिका निभाई है।

करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 ने सिनेमाघरों में अपना एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इस फिल्म ने आते ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। समीक्षकों से भी इसे बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली।

# अपारशक्ति खुराना- निकिता दत्ता स्टारर फर्स्ट साइट वाला लव म्यूजिक वीडियो रिलीज

अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना और अभिनेत्री निकिता दत्ता स्टारर फर्स्ट साइट वाला लव के साथ पहली नजर में हुए प्यार की कहानी को पेश कर रहे हैं। म्यूजिक वीडियो को निर्माताओं ने लॉन्च कर दिया है।

'फर्स्ट साइट वाला लव' उस एहसास की एक झलक है, जब आपका प्यार या जीवनसाथी एक ही नजर के बाद मिल जाता है। अपारशक्ति खुराना के गाए गए इस गाने को कंपोज भी उन्होंने ही किया है। खास बात है कि गीत भी खुराना ने ही तैयार किया है। अर्श ग्रेवाल के निर्देशन में बने म्यूजिक वीडियो का निर्माण मीर देसाई ने किया है।

गाने के बारे में अपारशक्ति खुराना ने कहा, फर्स्ट साइट वाला लव मेरे लिए खास है, क्योंकि यह उस पल को कैद करता है, जब आप किसी को देखते हैं और कुछ क्लिक हो जाता है - आपके कुछ बोलने से पहले ही एक रिश्ता सा जुड़ जाता है। यह किताबों के प्रति प्रेम पर आधारित 'कुड़िये नी' का प्रीक्वल है और आज विश्व पुस्तक दिवस भी है!

अपारशक्ति ने बताया कि वह अपने म्यूजिक वीडियो की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं।

अपारशक्ति ने इस साल जनवरी में म्यूजिशियन रोचक कोहली के साथ मिलकर 'सोड़ा मुखड़ा' रिलीज किया है। गाने में अपारशक्ति के साथ अभिनेत्री अनुपमा परमेश्वरन हैं। अपारशक्ति की आवाज में सजे इस गाने का निर्देशन ध्रुव पटेल और जिगर मुलानी ने किया है। गाने को लेकर अपारशक्ति ने बताया, टी-सीरीज के साथ मेरे सहयोग को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, वे इसे पसंद कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे खूब पसंद करेंगे। अपारशक्ति खुराना गायन के साथ ही अभिनय में भी माहिर हैं। वह कई शो को होस्ट भी कर चुके हैं। इसके साथ ही वह आमिर खान स्टारर 'दंगल', राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर की 'स्त्री', 'पति पत्नी और वो', 'जुबली', और कार्तिक आर्यन-कृति सेनन स्टारर 'लुका छुपी' जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाओं में नजर आ चुके हैं।

**बॉक्स ऑफिस पर जाट की पकड़ मजबूत, 13वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये**

अभिनेता सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म बीते 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

हालांकि, अक्षय कुमार और आर माधवन की फिल्म केसरी- चैप्टर 2 के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही जाट की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।

आइए जानें जाट ने रिलीज के 13वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

### तिग्मांशु की ब्लैक व्हाइट एंड ग्रे-लव किल्स का ट्रेलर जारी, 2 मई को सोनी लिव पर होगी रिलीज

सोनी लिव की नई डॉक्यू-ड्रामा ब्लैक, व्हाइट एंड ग्रे - लव किल्स का रोमांचक ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिस पर अब प्रशंसक लगातार अपनी राय शेयर कर रहे हैं।

यह शो 2 मई को सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। यह एक पत्रकार डेनियल गैरी की कहानी है, जो हत्याओं के रहस्य को सुलझाने की कोशिश करता है। इस दौरान वह भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों को उजागर करता है, जो सच्चाई और न्याय के सवाल उठाता है।

अभिनेता मयूर मोरे इस शो में अहम किरदार निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा। यह कहानी आपको अपराध की दुनिया में ले जाती है और गहरे सवालों के बारे में सोचने पर मजबूर करती है। मेरा किरदार एक ऐसी जगह से है जहां विकल्प कम और जिंदगी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे

# चेहरे पर तरबूज के छिलके रगड़ने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे

तरबूज एक ऐसा फल है, जो गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व न केवल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं, बल्कि त्वचा की देखभाल करने में भी मदद कर सकते हैं, खासकर तरबूज के छिलके का उपयोग करके आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं।

आइए जानते हैं कि तरबूज के छिलके को चेहरे पर रगड़ने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

त्वचा की सफाई में है सहायक

तरबूज के छिलके में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद करते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करता है और गंदगी को बाहर निकालता है। इससे आपकी त्वचा ताजगी महसूस करती है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की चमक भी बढ़ती है और वह स्वस्थ दिखती है।

मुंहासों से मिलेगी राहत

अगर आप मुंहासों की समस्या से जूझ रहे हैं तो तरबूज के छिलके का उपयोग आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण मुंहासों के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं।



इसके अलावा यह त्वचा की अतिरिक्त चर्बी को नियंत्रित करता है, जिससे मुंहासों की संभावना कम होती है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा साफ और निखरी हुई दिखती है, जिससे आपको एक स्वस्थ और चमकदार चेहरा मिलता है।

झुर्रियों का कर सकता है निवारण

झुर्रियां उम्र बढ़ने के साथ-साथ तनाव और गलत जीवनशैली का परिणाम हो सकती हैं।

तरबूज के छिलके में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो झुर्रियों को कम करने में सहायक होते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा को पोषण देता है और उसे मुलायम बनाता है।

इसके अलावा यह त्वचा की इलास्टिसिटी को बढ़ाता है, जिससे झुर्रियां धीरे-धीरे कम होती हैं।

सनबर्न से मिलेगा आराम

गर्मियों में धूप में ज्यादा रहने से सनबर्न होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे त्वचा जल जाती है और लाल हो जाती है।

तरबूज के छिलके में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो सनबर्न से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन को कम करते हैं और जलन से राहत दिलाते हैं।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा फिर से स्वस्थ और चमकदार दिखती है।

त्वचा का निखार बढ़ाने में है कारगर

तरबूज के छिलके का नियमित उपयोग करने से आपकी त्वचा का निखार बढ़ता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को पोषण देते हुए उसे चमकदार बनाते हैं।

इसके अलावा यह मृत कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाओं के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे आपकी त्वचा ताजगी महसूस करती है और स्वस्थ दिखती है।

इन सभी फायदों को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि तरबूज केवल खाने में ही नहीं बल्कि त्वचा की देखभाल के लिए भी लाभकारी है।

# अमृत से काम नहीं है नारियल पानी, शुद्ध नैचुरल प्रोडक्ट के हैं ये लाभ, जानिए



गर्मी का सितम जारी है और ऐसे में लोग शरीर को हाइड्रेट करने के लिए तरह-तरह के ड्रिंक्स भी लेते हैं, लेकिन हम आपको ऐसे ड्रिंक के बारे में बताएंगे, जिसे पीने से न केवल शरीर हाइड्रेटेड रहता है बल्कि पाचन, वजन पर कंट्रोल रखने और त्वचा की रौनक बढ़ाने में भी कारगर होता है। यहां बात नारियल पानी की हो रही है, जिसकी तुलना अगर 'अमृत' से की जाए तो गलत नहीं होगा, क्योंकि जब गर्मी के तपते दिनों में प्यास और थकान सताने लगती है, तब नारियल पानी को ही पीने के लिए सबसे अच्छा पेय पदार्थ माना जाता है।

बिना मिलावट का नेचुरल प्रोडक्ट-

नारियल पानी पेट को शीतलता प्रदान करता है और यह शुद्ध होता है। नैचुरल प्रोडक्ट जिसमें मिलावट लेशमात्र की नहीं होती। पोषक तत्वों से भरपूर होता है। प्रकृति का यह अनमोल तोहफा शरीर को तरोताजा रखने के साथ ही अनगिनत फायदे भी पहुंचाता है।

1940 के दशक में हुआ था अध्यन-

रिपोर्ट के मुताबिक, 1940 के दशक से नारियल पानी का व्यापक अध्ययन किया गया। जिसमें दावा किया गया कि यह एक ताजा और पौष्टिक पेय है और स्वास्थ्य लाभ के कारण बड़े पैमाने पर पिया जाता है। इसका सेवन दिल का ख्याल रखता है और हार्ट अटैक से बचाता है। एक अध्ययन में पाया गया कि नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा, नारियल पानी में अकार्बनिक आयन और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इंसानी शरीर के एंटीऑक्सीडेंट सिस्टम को सहायता प्रदान करते हैं।

इम्युनिटी को करता है बूस्ट-

नारियल पानी से शरीर तो हाइड्रेट रहता है, साथ ही यह इम्युनिटी को बूस्ट करने का भी काम करता है। इतना ही नहीं, इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी आसानी होती है।

दिल को रखता है दुरुस्त-

इसके अलावा, नारियल पानी का सेवन दिल को दुरुस्त रखने का काम करता है। साथ ही यह बीपी को नॉर्मल करता है और ब्लड वेसल्स में रक्त प्रवाह को नॉर्मल करने का काम भी करता है। इसके साथ ही शरीर में कमजोरी होने पर भी नारियल पानी का सेवन काफी फायदेमंद है, इसमें कई पोषक तत्व होने की वजह से यह तुरंत ही शरीर से जुड़ी कमजोरी को दूर करने में कारगर माना जाता है।

डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद-

यही नहीं, गर्मियों के दिनों में शरीर में पानी की कमी होने पर नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसका सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके अलावा, नारियल पानी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लाभदायक माना गया है। नारियल पानी को पीने की वजह से त्वचा को फायदा होता है, इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण चेहरे को साफ और चमकदार रखते हैं और किडनी की सेहत में सुधार करने का काम करते हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 031

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रात्रि विकास गौंड़ उम्र 22 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है नीलेश पटेल निवासी गुरू मोहल्ला को अच्छे से पहचानता है रात मे वह अपने दोस्त रवि गौंड़ ठाकुर की शादी में भगवान दास मैरिज गार्डन साहू कालोनी पाटन गया था । वह एवं उसका दोस्त साहिल पटैल, नरेश पटेल, आशीष पटैल, आनंद ठाकुर तथा रानू पटैल सभी शादी में भगवानदास मैरिज गार्डन के सामने पाटन जबलपुर मेन रोड़ पर डांस कर रहे थे नीलेश काछी भी डांस कर रहा था



विकास और जनकल्याण को समर्पित मध्यप्रदेश-प्रदेश के कई जिलों के हितग्राहियों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया संवाद

# मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत हितलाभ पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे

मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित- प्रदेश के 27523 प्रकरणों में 600 करोड़ की राशि का हुआ सिंगल क्लिक से अंतरण





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत आज पात्र हितग्राहियों को चेक प्रदान किए गए। सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के जिले धार में आयोजित कार्यक्रम से सभी हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित की। आज एक ही दिन में अनुग्रह सहायता योजना के 27523 प्रकरणों में 600 करोड़ रुपये की राशि का हितग्राहियों के खाते में अंतरण किया गया जिसमें जबलपुर के 337 हितग्राहियों को 7 करोड़ रूपये की राशि अंतरण कर लाभान्वित किया गया। हितग्राहियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी से उनका हाल जाना एवं संकट के समय संबल मिले इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। हितग्राहियों के बेटे बेटियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने परिवार के दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति की कामना की उन्होंने बताया कि परिवार का सहारा अब सरकार बन रही है।

उक्त आयोजन के अंतर्गत स्मार्ट सिटी के मिनी हॉल में लाइव प्रसारण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, पार्षद श्रीमती अर्चना सिसौदिया, कैलाश साहू के साथ-साथ अधिकारीगण जिसमें अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डे आदि की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों के खाते में अंतरित राशि के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा सभी वर्गों की समान रूप से चिंता की जा रही है एवं उनके सुख-दुख में सरकार सहभागी बनकर सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को योजना का लाभ देकर अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत हित लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर योजना के अंतर्गत हितलाभ पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे एवं उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर काफी संख्या में हितग्राहीजन आदि उपस्थित थे।

# जिनमंदिर एव संत निवास का भूमि पूजन संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिहोरा,गोसलपुर-सम्मेदगिरी तीर्थ क्षेत्र में विराजमान निर्यापक पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा की '' तीर्थ क्षेत्र मैं जिनमंदिर जिनमूर्ति की स्थापना मैं अपनी सामर्थता के अनुसार दान करना चाहिए,यह दान फलीभूत होता है।जो व्यक्ति जिनमंदिर निर्माण या मूर्ति स्थापना का भाव रखता है पर सामर्थवान नहीं है उसे आज इस तीर्थ क्षेत्र मैं एक शिला या नारियल भेंट कर ईश्वर से कामना करनी चाहिए की मुझे सामर्थवान बनाये जिससे मैं मंदिर निर्माण अथवा मूर्ति स्थापना का पुण्यकार्य कर सकू। आप सभी आज अक्षय तृतीया के अवसर पर दान अवश्य करे। मुनि श्री के पावन सानिध्य मैं श्री जिनेश भैया जबलपुर के निर्देशन पर दो जिनालय के भूमिपूजन व शिलान्यास पुण्यार्जक श्री अशोक ममता सेठी कलकत्ता के द्वारा किया गया। संत भवन की आधारशिला रखने का सौभाग्य श्री अनिल अमित अकास मोनू जैन चौधरी परिवार गोसलपुर को मिला।इस तीर्थ क्षेत्र मैं श्री शांतिनाथ अरहनाथ व कुँथनाथ भगवान की पाँच फुट ऊचाई की पद्मासन प्रतिमाएं विराजमान होगी। जिनके लिए दान दाताओं ने अपनी दानराशि की घोषणा की।मूलनायक भगवान ऋषभदेव होंगे। कल से लघु पंच कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ मुनि श्री सुधासागर जी के पावन सानिध्य में प्रारंभ होगा।पात्रो का चयन सायं जिज्ञासा समाधान के पश्चात किया जाएगा,अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुनि श्री सुधासागर जी की आहार चर्या मोनू जैन के यहाँ सम्पन्न हुई ।



## डॉ.मृदुलसिंह की दो कृतियों का विमोचन 2 को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद डॉ. मृदुला सिंह की दो कृतियां अध्यात्म- दर्शन एवं साहित्य के हस्ताक्षर का विमोचन पाथेय संस्था के तत्वावधान में 2 मई को रात्रि 7:00 से अरिहंत रसल चौक में आयोजित है।मुख्य अतिथि आचार्य भगवत दुबे होंगे समारोह की अध्यक्ष शिक्षाविद श्रीमती इंद्रा सेंगर (मनेन्द्रगढ़) तथा कृति समीक्षा प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक प्रवीण करेंगे।

पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव

# बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस के मध्य चलेगी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस के मध्य 05-05 ट्रिप अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। यह अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

गाड़ी संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस से रीवा अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 1 मई से 29 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से भोर 04:30 बजे प्रस्थान कर, इटारसी रात 21:05 बजे, पिपरिया 22:18 बजे, नरसिंहपुर 23:10 बजे, पहुँचकर अगले दिन मदनमहल मध्य रात्रि 01:00 बजे, कटनी 02:40 बजे, मैहर 04:10 बजे, सतना प्रातः 05:20 बजे और शुक्रवार सुबह 07:00 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09030 रीवा से बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 02 मई से 30 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को रीवा स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर, सतना दोपहर 12:20 बजे, मैहर 12:45 बजे, कटनी 14:00 बजे, मदनमहल सायं 16:05 बजे, नरसिंहपुर 17:05 बजे, पिपरिया 18:00 बजे, इटारसी रात 19:55 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन शनिवार सुबह 11:30 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी के ठहराव- यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, धरणगांव, जलगाव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, एवं सतना स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन वेबसाइड प्राप्त कर सकते हैं।

# पीड़ित मानवता की सेवा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभा शाली स्कूल बच्चों को स्कॉलरशिप और शैक्षणिक सहायता

## 23 छात्र-छात्राओं को दी गई सहायता

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अधारताल स्थित सभागार में एक रंगारंग कार्यक्रम में एम आर गीता चंद्र वेलफेयर सोसाइटी ने शिक्षा के नए सत्र के लिए आर्थिक रूप से कमजोर नए विद्यार्थियों को अपनी छात्रवृत्ति, आर्थिक सहायता और मॅटरिंग स्कीम में शामिल किया। दो साल पहले तेईस छात्रों को चयनित कर यह स्कीम शुरू की गई जिसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। पहले बैच के दो छात्र मोहित साहू 98त्न के साथ टॉपर बनकर उभरे। गंगा रावत ने भी टॉप किया। स्वास्थ और खेलकूद भी उतनी ही अहमियत रखते हैं और इसी सोच के साथ संस्था ने विद्यार्थियों को खेल में भी प्रोत्साहन दिया फलस्वरूप मान्या तिवारी विशु गेम में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची अन्य छात्र भी पिछले 2 साल में अपनी प्रतिभा निखर रहे हैं और लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं

इस संस्था के अध्यक्ष ग्रुप कैप्टर प्रोफेसर विजय कान्त वर्मा एयरफोर्स से सेवा निवृत्ति के बाद लते समय तक उच्च शिक्षा से जुड़े रहे। वे रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के फाउंडर कुलपति भी हैं। दो वर्ष पहली उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य संस्कृति और प्रकृत्ति वंचितों के लिए भी के मूल मंत्र के साथ इस संस्था की स्थापना की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उ?द्बोधन में कहा कि सार्थक और उत्तम शिक्षा एक व्यक्ति ही नहीं एक परिवार एक समाज बल्कि कभी कभी एक देश को बदलने की ताकत रखती है और उत्तम शिक्षा पर सब का हक है चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर ही क्यों ना हो। हमारी इस सोच तथा बच्चों की मेहनत का परिणाम है कि सही सपोर्ट सिस्टम मिलने पर किस प्रकार संस्था द्वारा चयनित विद्यार्थी अपने प्रतिभा से रोशनी बिखेर रहे हैं। इस संस्था ने एक साल पहले गीता माधुरी रसोई की शुरुआत भी की, जो गैंग्रीन वार्ड तथा टीवी वार्ड विक्टोरिया हॉस्पिटल में मरीजों को निशुल्क पौष्टिक भोजन देती है। संस्था शीघ्र ही स्वास्थ जागरुकता तथा पर्यावरण परकई नए कार्यक्रम शुरू करेगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध लेखिकाएं डॉक्टर अलका मधुसूदन और कृष्णा राजपूत तथा सी जी एम, जीसीएफ फैक्ट्री सहाय भी शामिल हुए। डॉ. पटेल ने सोसायटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस तरह का विलक्षण कार्य करने वाली बहुत बिरली ही संस्थाएं होंगी। उन्होंने संस्था के इन अनुपम कार्यों में यथा संभव सहयोग की इच्छा व्यक्त की। सभी अतिथियों ने श्री गीता चंद्र वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए गए कार्यों की भूरि भूरिप्रशंसा की और शुभकामनाएं दी संस्था के उपाध्यक्ष दीपक वर्मा सचिव राकेश श्रीवास्तव, ट्रेजरर श्रीमती दिव्या निगम तथा कार्यकारिणी सदस्य अजय श्रीवास्तव और देवेंद्र शुक्ला, दीप्ती श्रीवास्तव, तन्मय वर्मा के अधक परिश्रम से यह संस्था नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है और समाज सेवा में अपना एक विशेष स्थान बना रही है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के माता पिता एवं गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# प्रदेश भर मे चल रही आउटसोर्सिंग भर्तियों की संवैधानिकता को चुनौती, हाईकोर्ट मे जनहित याचिका के माध्यम से अजाक्स संघ ने दी चुनोती

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सामान्यत कर्मचारियों की सेवा शर्तें एवं नियोजन की प्रक्रिया से संबंधित नियम बनाने का कार्य सामान्य प्रशासन विभाग का होता है लेकिन शासन के वित्त विभाग द्वारा मध्य प्रदेश भंडारण क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 में दिनांक 31/03/2022 के संशोधन कर भाग दो जोड़कर नियम 32 में सेवा का उपार्जन से संबंधित नियम जोड़कर संशोधन किया गया जिसमें वस्तु की तरह श्रमिको को प्राइवेट एजेंसियो के माध्यम से श्रम करने हेतु खरीदा जाएगा 7 श्रमिकों को खरीदने तथा उन्हे सरकारी विभागो मे नियोजित करने का न्या नाम 'आउटसोर्सिंग' दिया गया है उक्त समवंध में मध्य प्रदेश शासन के वित्त विभाग (फायनेंस डिपरमेंट) द्वारा अधिसूचना क्र स्न-11-/2023/नियम/चार, भोपाल दिनांक 31/3/2023 को, शासन के समस्त विभागों को जारी कर निर्देशित किया गया कि विशिष्ट कार्यों हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवाएं आउटसोर्स एजेंसीयों के माध्यम से चिन्हित पद हेतु क्रय की जा सकेगी 7 उक्त अधिसूचना की संवैधानिकता को अजाक्स संघ द्वारा ठाकुर ला एसोसिएट के माध्यम से जनहित याचिका कर्मांक ङ्खक्क15917/2025 दायर कर चुनौती दी गई है 7 उक्त याचिका की सुनवाई दिनांक 05/05/2025 को नियत की गई है 7

शासन की उपरोक्त अवैधानिकता के संबंध में अजाक्स संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग की गई है, कि शासन के समस्त विभागों में कर्मचारियों का स्वीकृत सेटअप है निर्धारित वेतन तथा आरक्षण है लेकिन शासन के वित्त/विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संवैधानिक प्रावधानों/श्रमिक विधियों/आरक्षण कानूनो के विरुद्ध है 7 आउटसोर्सिंग पर नियोजित किए गए कर्मचारियों को संबंधित एजेंसियों द्वारा अपनी मनमर्जी के मुताबिक वेतन देते हैं और एजेंसियों की जब भी मर्जी होती है तो संबंधित कर्मचारियों को बाहर का रास्ता भी दिखा दिया जाता है तत्सम मन में उक्त कर्मचारियों को किसी भी कानून के तहत कोई उपचार प्रदान नहीं है, जबकि लोकतांत्रिक देश में नियत की गई आउटसोर्सिंग पद्धति ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसी बुराइयों को जन्म दे रही है साथ ही पढ़े लिखे शिक्षित युवा बेरोजगारों का संबंध आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा एक्सप्लोइटेशन भी किया जा रहा है !

# पवई धाम सरकार में धूमधाम से निकली शोभायात्रा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वामी महेन्द्रानन्दजी के संरक्षकत्व में 1 मई से 7 मई तक होने जा रहे श्रीमद्?भागवत सप्ताह कथा व श्रीशिवसमाराधन महायज्ञ की अक्षय तृतीया 30 अप्रैल की संध्या को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 101 कन्याओं ने कलश अपने सिर पर रखे व भागवत मुख्य यजमान श्री सर्वेश पटेल जी व यज्ञ यजमान श्याममनोहर पचौरी ने महापुराण को शीश रख श्री रामजानकी मंदिर अमरपुर से पवई की ओर गाजे बाजे के साथ प्रस्थान-किया। आयोजन मीडिया प्रभारी जितेन्द्र पचौरीजी ने बताया कि नगर में भागवत जी का श्री राकेश सिंह ग्वारी जी, विष्णुशंकर पटेल , श्री हरिकृष्ण पचौरीजी , नवनीत माहेश्वरी जी, रामविनय करसौलिया, सचिन गुरुजी पाटन, ? नारायण पचौरी (मेढ़ी), ब्रजेश बादल सरपंच उड़ना, मनोज पटेल अमरपुर,श्री सुरेश पचौरी, लक्ष्यजीत पचौरी,वरुण पचौरी, मुकुल पचौरी, मनीष पचौरी,मदन मोहन पचौरी , प्रवीण भुर्रक, देवेन्द्र सिंह ठाकुर , गोविंद सिंह ठाकुर , धीरज सिंह ठाकुर जबलपुर व ग्राम के सभी नागरिको ने उत्साह से स्वागत पूजन किया हजारो की संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे व प्रसादी भण्डारा की व्यवस्था आयोजन प्रभारी श्री बलराम सिंह यादव जी के द्वारा की गई। मुख्य आकर्षण कथा व्यास श्री इंद्रेश उपाध्याय जी महाराज अपने परिकर संग पवई धाम सरकार पधार चुके है। वे अपनी अमृतमयी वाणी से सभी श्रद्धालुओं को कृतार्थ करेंगें। प्रातः कालीन सत्र में युगविभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी जी द्वारा नित्य रुद्राभिषेक यजमानो से करवाया जाएगा व सायं ज्योतिष दरबार के माध्यम से श्रद्धालु विदुषी ऋचा गोस्वामी से कुण्डली परामर्श करा सकेंगे। ज्योतिष दरबार का समय सायं 7 बजे से 10 बजे तक रहेगा।

# रोमांचक मुकाबले में किंग हिटर और खमरिया 11 बनी विजेता



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दिनांक 29/04/25 को दो मैच खेले गए जो की किंग हिटर 1/ह्य ङ्क.स्न.छ्व 11 और खमरिया 11 1/ह्य सिख बॉयज के बीच खेला गया। पहले मैच में किंग हिटर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवरों 9 विकेट खोकर 84 रन बनाएं जिसमें संजय ने 19 बॉल पर 46 रन की पारी खेली और ङ्क.स्न.छ्व 11 के जॉनसन ने 18 रन देकर 3 विकेट लिए दूसरी पारी में ङ्क.स्न.छ्व 11 निर्धारित 10 ओवर में 79 रन बनाएं और किंग हिटर ने 5 रन से जीत हासिल की ङ्क.स्न.छ्व 11 के शुभांशु ने 23 बॉल पर 47 रन बनाएं किंग हिटर की तरफ से अभिषेक ने 1 विकेट लिए वहीं दूसरे मुकाबले में खमरिया 11 ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसमें खमरिया 11 की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों मे 8 विकेट खोकर 108 रनों का स्कोर बनाया है जिसमें राहुल ने 12 बॉल पर 22 रन बनाए जिसमें 3 छक्के शामिल थे । सिख बॉयज के सफल गेंदबाज गोल्डी ने 15 रन देकर 3 विकेट लिए।

रोमांचक मैच मे सिख बॉयज की टीम 9 ओवरों में 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और यह मैच खमरिया 11 ने 49 रनों से जीत लिया सिख बॉयज की तरफ से सनप्रीत ने 11 गेंद में 18 रन की पारी का योगदान दिया। खमरिया 11 के संगम ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए। पहला मैच जो किंग हिटर और ङ्क.स्न.छ्व 11 के बीच में खेला गया उसके मैन ऑफ़ द मैच संजय रहे जिन्होंने 19 गेंद में 46 रन बनाए लिए दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच सरबजीत रहे जिन्होंने 11 गेंद में 19 रन की पारी खेली और गेंदबाजी में 5 रन देकर 2 विकेट लिए । मुख्य अतिथि के रूप में इंटक यूनियन खमरिया के स. महामंत्री, सीएससी सदस्य ओ एफ के एवं राष्ट्रीय मीडिया सचिव डिफेंस अनिल गुप्ता और बालाजी स्पोर्ट्स के राजीव ओझा रहे निर्णायक की भूमिका कमलेश तिवारी भूपेंद्र निखिल यादव ने निभाई। यूनियन के आनंद शर्मा,अखिलेश पटेल,राकेश शर्मा,अनुपम भौमिक,धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, सचिन दुबे,मोनू चौधरी,अभिषेक यादव,चंदन पटेल, दिलीप टीकम ,सुनील यादव, शंभू रजक,ज्ञान प्रकाश,राम तीरथ, जसवंत सिंह,मुकेश विनोदिया,राहुल पटेल, पुरुषोत्तम सिंह,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

4 अनूठी थीम वाले ऑडिटोरियम के साथ यह मल्टीप्लेक्स मूवी देखने के अनुभव को बेहतरीन बनाता है

# जबलपुर के केए मॉल में फोको-मॉडल मल्टीप्लेक्स के साथ पीवीआर आईनॉक्स की धमाकेदार शुरुआत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत के सबसे विशाल और सबसे प्रीमियम सिनेमा प्रदर्शक के रूप में क्षेत्र में अपने पहले मल्टीप्लेक्स के शुभारंभ के साथ अपनी जीवंतता के लिए मशहूर शहर जबलपुर में एकपीवीआर आईनॉक्स जोरदार शुरुआत की है। यह मल्टीप्लेक्स नौदरा ब्रिज के पास नए रीब्रांडेड केए (च्व्र) मॉल की चौथी मंजिल पर स्थित है। जबलपुर में पहली बार पीवीआर आईनॉक्स अनुभव लाने वाला यह नया मल्टीप्लेक्स सिनेमाई नवीनता और आकर्षक डिजाइन का बेजोड़ नमूना है। इसमें 25 रिक्लाइनर सीटों सहित कुल 611 लोगों की बैठने की क्षमता है और चारों स्क्रीन में से प्रत्येक का अंदाज एक-दूसरे से जुदा है - रेड, गोल्ड, पर्पल और टील - जो ऑडिटोरियम के विजुअल को और बेहतर बनाते हैं। मेहमान उडीन स्लाइडर सीटिंग, फैब्रिक-फिनिश वाली दीवारों और एलीगेंट%वी% फिक्स्चर के साथ प्रकाश व्यवस्था का आनंद ले सकते हैं, जो हर फिल्म शैली के अनुरूप मूड-ड्राइवन परिवेश का निर्माण करते हैं। अत्याधुनिक ऐसएंडपी टेक?नोलॉजी से लैस इस सिनेमा में क्रिस्टीआरजीबी लेजर प्रोजेक्टर, डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड और नेक्स्ट-जेनरेशन 3 डी सिस्टम है, जो कहानी सुनाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए क्रिस्टल-क्लियर विजुअल्स और इमर्सिव ऑडियो प्रदान करते हैं।

यह प्रतिष्ठित प्रोपर्टी पीवीआर आईनॉक्स के फ्रेंचाइज ओन्ड कंपनी ऑपरेटेड (फोको) मॉडल में एक और सफल अध्याय को जोड़ती है। फोको मॉडल कंपनी को विजनरी एसेट ओनर के साथ मिलकर उच्च-वृद्धि वाले टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपने प्रीमियम फार्मेट का विस्तार करने में समर्थ बनाता है। हालांकि इन्फ्रास?ट्रक्चर का स्वामित्व फ्रेंचाइजी के पास है, पीवीआर आईनॉक्स डिज़ाइन, विकास और दैनिक कार्यो के प्रबंधन के लिए अपनी उद्योग-अग्रणी विशेषज्ञता का उपयोग करता है। यह एसेट-लाइट रणनीति निरंतरता, गुणवत्ता और विस्तार की गति सुनिश्चित करती है - जो ब्रांड के देशव्यापी विकास में प्रमुख भूमिका निभाती है। श्री प्रमोद अरोड़ा, सीईओ-ग्रोथ एंड इन्वेस्टमेंट, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने कहा, जबलपुर में हमारी यह पहल मजबूत सांस्कृतिक जड़ों और आला दर्जे की मनोरंजन पसंदों वाले उभरते बाजारों में विश्व स्तरीय सिनेमा अनुभव लाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इस लॉन्च का मतलब सिर्फ एक नई पोपर्टी की शुरुआत नहीं है - यह पहली बार एक जीवंत शहर में सिग?नेचर पीवीआर आईनॉक्स अनुभव को पेश करने के बारे में है। केए मॉल में स्थित और हमारे फोको मॉडल के तहत लॉन्च किए गए, मल्टीप्लेक्स को एक संपूर्ण एंटरटेनमेंट डेस्?टीनेशन के रूप में डिज़ाइन किया गया है जो अत्याधुनिक तकनीक और आकर्षक डिज़ाइन को एक साथ लाता है। हम रेड 2 जैसे आकर्षक टाइटल के साथ इस नए चैप्टर को शुरू करने को लेकरउत्साहित हैं और जबलपुर के सिनेमा प्रेमियों के साथ मजबूत रिश्ता संबंध बनाने के लिए तत्पर हैं।

श्री गौरव भनोट, डायरेक्टर: केए रियलबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड ने कहा जबलपुर ने लंबे अर्से से ऐसे उपहार का हकदार रहा है जो यहां के लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं। शहर में पीवीआर आईनॉक्स लाने का मकसद सिर्फ एक मल्टीप्लेक्स लाना नहीं, बल्कि शहर में विश्व स्तरीय सिनेमा की ऊर्जा, खुशी और गुणवत्ता लाना है। केए मॉल में, हमारा लक्ष्य हमेशा एक ऐसा स्थान बनाना रहा है जो जबलपुर की विकसित होती जीवनशैली को दर्शाता हो, और यह लॉन्च उस दिशा में एक बड़ा कदम है

आकर्षक, आधुनिक एक्सटीरियर से लेकर प्रीमियम फिनिश वाले वेलकमिंग फ़ोयर, आलीशान सीटें और बीच में स्थित कंसेशनेयर तक, पीवीआर आईनॉक्सच्व्र मॉल का हर टचपॉइंट मूवी देखने का एक बेहतरीन अनुभव देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। काफी सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया लेआउट मेहमानों के अंदर आने के क्षण से ही नेविगेशन को आसान बनाता है और आराम सुनिश्चित करता है। जबलपुर में फिल्में देखने के तरीके को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार, नया मल्टीप्लेक्स फिल्म प्रेमियों के लिए एक सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र है। रेड 2 की ओपनिंग के साथ,पीवीआर आईनॉक्स केए मॉल शहर का सबसे रोमांचक नया एंटरटेनमेंट एड्रेस बनने के लिए तैयार है।

इस ओपनिंग के साथ, क्क्ङ्क्र वित्त वर्ष 2025-26 में 111 शहरों (भारत और श्रीलंका) में 352 प्रोपटी में 1738 स्क्रीन के साथ अपनी तरक्की को रफ्तार को नई मजबूती प्रदान कर रहा है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी पनागर श्री जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि दौरान पेट्रोलिंग के बरा बस्ती परियट में बजरंग बली मंदिर के पास एक व्यक्ति हाथ में पीले सफेद रंग का थैला लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम रामकृपाल पटैल उम्र 75 वर्ष निवासी बरा बस्ती परियट पनागर बताया संदेह होने पर तलाशी लेने पर हाथ में रखे थैले को चैक करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला, एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुये

## ललित कालोनी ब्यौहारबाग में घटना

# तेज गति से आई कार ने वृद्ध को कुचला



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित ललित कालोनी ब्यौहारबाग में उस वक्त चीख पुकार व अफरातफरी मच गई। जब तेज गति से आई कार ने ठेला लेकर जा रहे वृद्ध कालीचरण श्रीपाल को टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे में वृद्ध कालीचरण के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिन्हे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर कालीचरण की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार लालमाटी घमापुर निवासी कालीचरण उम्र 62 वर्ष रोज की तरह घर से ठेला लेकर निकले। जब वे ललित कालोनी ब्यौहारबाग से सिविल लाइन की ओर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आई कार के चालक ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही वृद्ध कालीचरण ठेला सहित उछलकर सामने की ओर गिरे, जिससे उनके शरीर पर गंभीर चोटें आई। वृद्ध को टक्क र लगते देख आसपास के लोगों में चीख पुकार व भगदड़ मच गई। इस बीच चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने खून से लथपथ वृद्ध को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर वृद्ध कालीचरण की आज उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस कार ने वृद्ध कालीचरण को टक्कर मारी है। उसकी नंबर प्लेट पर पुलिस लिखा हुआ है। पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से की गई पूछताछ में पता चला कि कार सवार व्यक्ति शराब के नशे में था,

# पाटन में बारात में चाकूबाजी, नागिन डांस को लेकर उपजा विवाद, युवक की हालत अत्यंत नाजुक

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित पाटन में बारात में नागिन डांस को लेकर दो दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया. झगड़ा इतना बढ़ा कि नीलेश पटेल ने साहिल पटेल पर चाकू से हमला कर दिया. बारात में चाकूबाजी होते देख लोगों में भगदड़ व अफरातफरी मच गई. इस बीच कुछ लोगों ने खून से लथपथ साहिल को पाटन अस्पताल पहुंचाया. जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया. मेडिकल में डाक्टरों ने साहिल की हालत को देखते हुए भरती कर लिया है. साहिल की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है.

पुलिस के अनुसार पाटन में रवि गौंड़ की भगवानदास मैरिज गार्डन में बारात जाना थी. बारात में दोस्त साहिल पटैल, नरेश पटेल, आशीष पटैल, आनंद ठाकुर तथा रानू पटैल, नीलेश पटेल सहित अन्य दोस्त डांस करते हुए आगे बढ़ रहे थे. रात एक बजे के लगभग बारात जब मैरिज गार्डन के पास पहुंच गई तो साहिल ने डीजे वाले से बदलकर गाना लगाने के लिए कहा. जिसपर नीलेश पटेल ने कहा कि नागिन डांस लगाए. नीलेश का दोस्त साहिल ने यह कहते हुए



विरोध कर दिया कि पहले मेरी मर्जी का गाना बजेगा, क्योंकि मैने पहले गाना लगाने के लिए कहा है. इस बात को लेकर दोनों दोस्तों के बीच विवाद होने लगा. बारात में शामिल दोस्तों सहित अन्य लोगों ने दोनों को समझाइश देते हुए अलग कर दिया.

कुछ पल के लिए नीलेश गायब हुआ और जब बारात लड़की पक्ष के द्वार पर पहुंचने वाली थी वापस आ गया. नीलेश ने फिर से डीजे की आवाज तेज करने के लिए कहा, जिसपर नीलेश का साहिल से फिर झगड़ा हो गया और गुस्साए नीलेश ने चाकू निकालकर साहिल पटेल पर हमला कर दिया. साहिल पर हमला होते देख एक युवक बीच बचाव करने आया तो नीलेश ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया. हमला होते ही साहिल पटेल गिरकर छटपटाने लगा. नीलेश को देख बारात में अफरातफरी व भगदड़ मच गई. इस बीच नीलेश पटेल चाकू लहराते हुए भाग गया.

खून से लथपथ साहिल पटैल उम्र 22 वर्ष को शासकीय अस्पताल पाटन लेकर गए. जहां पर साहिल की हालत को देखते हुए मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया. हमले की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे, जिन्होने पूछताछ के बाद आरोपी नीलेश पटेल के खिलाफ धारा 296, 118(1), 109(1) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर तलाश शुरु कर दी है.

पुलिस द्वारा आरोपी को पकडने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. वहीं मेडिकल अस्पताल में भरती साहिल पटेल की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है. घटना के बाद शादी समारोह में चहल पहल का माहौल में सन्नाटा छा गया. घटना को लेकर देर रात तक लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही.

# नेमा हार्ट हॉस्पिटल में लगी आग से मचा हड़कंप

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के दीनदयाल चौक स्थित नेमा हार्ट हॉस्पिटल में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बिल्डिंग के 5वीं मंजिल पर अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर से पूरे अस्पताल परिसर में भगदड़ की स्थिति बन गई। हालाँकि समय रहते फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को सुरक्षित निकालकर दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह पास से गुजर रही बारातों में फोड़े जा रहे पटाखे माने जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक ही समय में दो से तीन बारातें निकल रही थीं और उसी दौरान पटाखों की चिंगारी से



पांचवीं मंजिल में आग भड़क उठी। हालांकि नेमा हॉस्पिटल का मुख्य संचालन भवन की तीन मंजिलों पर होता है, लेकिन पांचवीं मंजिल पर कुछ अन्य उपयोगी सामग्री रखी जाती थी।

अस्पताल प्रशासन ने फौरन हरकत में आते हुए बिल्डिंग में मौजूद सभी मरीजों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। इनमें से कई मरीज गंभीर हालत में थे, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से आसपास के दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों, नर्सों और अस्पताल स्टाफ की तत्परता से बड़ी अनहोनी टल गई।

घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचतीं, अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका था। इसके बावजूद एहतियातन दमकल कर्मियों ने पूरी इमारत की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि आग पूरी तरह बुझ चुकी है।

जबलपुर प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने यह जानने के लिए भी कदम उठाए हैं कि क्या अस्पताल में अग्निशमन उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था थी या नहीं। साथ ही, बारातों की पटाखा गतिविधि पर भी सख्त निगरानी रखने की बात कही गई है।

घटना के बाद स्थानीय निवासियों और मरीजों के परिजनों में दहशत का माहौल बन गया था, लेकिन समय पर की गई कार्रवाई के चलते उन्होंने राहत की सांस ली। कई लोगों ने कहा कि अगर थोड़ी और देर हो जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

अस्पताल प्रशासन ने घटना पर खेद जताते हुए कहा है कि वह हर प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेगा ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। वर्तमान में अस्पताल की इमारत को खाली कर दिया गया है और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है।

# भेड़ाघाट में युवक की पत्थर पटककर हत्या, झाड़ियों में फेंकी लाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में भेड़ाघाट स्थित ग्राम खैरी में देर रात रितिक शर्मा ने श्याम सुन्दर सोनी से विवाद के चलते पत्थर पटक कर हत्या कर दी। हत्या के बाद लाश को झाडियों के बीच फेंक दिया, पुलिस ने रितिक को गिरफ्तार कर श्याम सुन्दर के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की जांच में जुट गई है कि आखिर कौन सी बात हो गई थी जिसके चलते हत्या की वारदात की गई है।



पुलिस के अनुसार सहजपुर बडखेरा भेड़ाघाट निवासी रितिक शर्मा व श्याम सुन्दर सोनी निवासी हीरापुर बंधा किसी काम से ग्राम खैरी गए थे। जहां पर दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी। इस बीच रितिक ने श्याम सुन्दर पर पत्थर से हमला पटक कर हत्या कर दी। इसके बाद रितिक ने श्याम सुन्दर की लाश को झाडियों के बीच फेंक दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को खबर दी, रितिक मौके से भाग पाता इससे पहले रात तीन बजे के लगभग पुलिस पहुंच गई। जहां पर रितिक मिल गया। पुलिस ने रितिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो श्याम सुन्दर की पत्थर पटककर हत्या करना स्वीकार लिया। पुलिस ने रितिक शर्मा की निशानदेही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक श्याम सुन्दर के चेहरे, आंख, कान व सिर पर गंभीर चोटें आई है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर में एक बार फिर राजनीतिक रसूख के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। चेरीताल निवासी भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष पर मंडला निवासी एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर लार्डगंज थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 15 जनवरी को जबलपुर आई थी। आईएसबीटी बस स्टैंड पर आरोपी ने उसे रिसीव किया और उसे यादव कॉलोनी स्थित होटल %सुकून% में लेकर गया। युवती का आरोप है कि होटल में लिविश ने शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद उसने बातचीत बंद कर दी और हर तरह से दूरी बना ली।

पीड़िता का कहना है कि वह लंबे समय से युवक के संपर्क में थी और दोनों के बीच अच्छे संबंध थे। युवक द्वारा शादी का भरोसा दिलाने पर उसने संबंध बनाए, लेकिन बाद में जब युवक ने मुंह फेर लिया, तब उसने न्याय की गुहार लगाने का फैसला किया। जानकारी के अनुसार आरोपी भारतीय जनता युवा मोर्चा में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इस कारण मामला राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मचा रहा है। लार्डगंज पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

## एफआईआर निरस्त करने से किया इनकार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने न्यूजीलैंड निवासी कुणाल बोरीकर सहित अन्य के विरुद्ध एफआईआर निरस्त करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने कहा कि प्रथमदृष्टया आरोप गंभीर हैं, इसलिए हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। मामला पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना के आरोप से जुड़ा है। बालाघाट निवासी पीड़िता आकांक्षा बोरीकर की ओर से अधिवक्ता सीनियर विश्वकर्मा जी अभय सोनी, अर्पित श्रीवास्तव व निकेश विश्वकर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आकांक्षा का विवाह कुणाल के साथ हुआ था। विवाह के समय आकांक्षा के पिता ने नकद व गहने आदि हैसियत के हिसाब से दहेज में दिए थे।

# बकरा-बकरी चोरी करने वाले चार शातिर चोर गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अधारताल थाना क्षेत्र में बकरा-बकरी चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए 8 बकरा-बकरी जिनकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये है, जप्त की गई है। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक लग्जरी हॉण्डा सिटी कार भी जप्त की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में योगेन्द्र यादव निवासी मोहनिया रांझी, अयान अख्तर निवासी मोहरिया हनुमानताल, मोहसिन रजा निवासी मक्का नगर हनुमानताल एवं भूरा उर्फ उमर निवासी पठानी मोहल्ला पनागर शामिल हैं।

घटना 25 अप्रैल की रात की है जब गौतम नगर निवासी हेमंत रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के बाहर बंधे 9 बकरा-बकरी चोरी हो गए हैं। विवेचना के दौरान घटनास्थल के पास एक संदिग्ध कार एमपी 20 सीसी 2100 देखी गई थी, जिसकी जानकारी से आरोपी अयान अख्तर तक पहुंच हुई। पूछताछ में अयान ने बाकी साथियों के साथ चोरी करना कबूल किया और चोरी के पशुओं को करोंदा खेरी गांव में रखने की जानकारी दी।

पुलिस ने योगेन्द्र, मोहसिन एवं भूरा उर्फ उमर को हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर चोरी गए बकरा-बकरी एवं कार को जप्त कर लिया है। आरोपियों से अन्य मामलों को लेकर भी पूछताछ जारी है।

## भवनहीन स्कूलों के मामले ने पकड़ा जोर, एनएसयूआई की पहल पर दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।**मध्यप्रदेश में 200 से अधिक ऐसे शासकीय विद्यालय हैं जहाँ बच्चों को शिक्षा भवन के अभाव में मंदिरों, पेड़ों के नीचे या अस्थायी ढाँचों में दी जा रही है। यह न केवल शिक्षा के स्तर पर प्रश्नचिन्ह है, बल्कि संविधान प्रदत्त शिक्षा के अधिकार की भी अवहेलना है। विषय की गंभीरता को देखते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता जबलपुर निवासी विराज यादव ने राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को पूरा मामला बताया तो तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। श्री सिंह ने पत्र में लिखा उक्त विषय में वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित को समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें। विगत दिनों एनएसयूआई के विराज यादव ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री को शिकायत कर यह मांग की थी कि प्रदेश में ऐसे 200 से अधिक सरकारी स्कूल हैं, जो बिना भवन के—मंदिरों, पेड़ों के नीचे या अस्थायी स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## परशुराम शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा एवं लस्सी पिलाकर स्वागत किया



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक राइट टाउन के पास भगवान परशुराम शोभा यात्रा का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर यात्रा प्रमुख पं आशीष त्रिवेदी सहित सभी भक्तजनों को नमकीन लस्सी पिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष शरद अग्रवाल , डॉ सुधीर अग्रवाल , शशिकांत सोनी , जेपी उपाध्याय , सरदार सुरजीत सिंह , रवि बाबा , ध्रुव यादव , लक्ष्मण राव , संस्कार , रोहित , गंगाराम आदि उपस्थित थे ।

## अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार 1 देशी पिस्टल तथा 1 कारतूस जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी बेलबाग श्री राजकुमार खटीक ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक रात के अंधेरे में विश्वकर्मा मंदिर के बाजू वाली गली बढ़ई मोहल्ला में लाल रंग की हाफ टीशर्ट तथा नीले रंग का पेंट पहने एक पिस्टल लिये खड़ा है कोई गंभीर घटना करने की फिराक मे है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना बेलबाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक खडा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम विमल उर्फ आयुश शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला फूटाताल थाना हनुमानताल बताया जो तलाशी लेने पर कमर में दाहिने तरफ देशी पिस्टल खोसे तथा पेंट की दाहिने जेब में एक कारतूस रखे मिला।

आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल तथा कारतूस के जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडला संभाग मंडला

प्र.क्र. 60/ कोटेशन/ग्रायासे/2025 मण्डला, दिनांक 28/04/2025

### निविदा/ कोटेशन आमंत्रण सूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यो हेतु निम्नानुसार पंजीकृत ठेकेदार/ प्रतिष्ठित फर्मो जिनका जी.एस.टी. पंजीयन हो से समग्री प्रदाय हेतु मोहर बंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 09/05/2025 समय 3.00 बजे दोपहर तक आमंत्रित किये जाते है। एवं प्राप्त कोटेशन उसी दिन 3.30 बजे दोपहर पश्चात संबंधित फर्म/ प्रतिनिधि के सामने खोले जावेंगे।

20mm गिट्टी, 40mm गिट्टी, सीमेंट, रेत, बोल्डर, ग्रेवल, बी.सी.स्वाईल, सेलेक्टेड स्वाईल, केशिंग स्वाईल, पिचिंग स्टोन, चिपिंग स्टोन, पानी टेन्कर, रोलर एवं जे.सी.बी. मशीन इत्यादि सामग्रियों के कोटेशन दर इकाई अनुसार कार्यवार डालने होंगे एवं सामग्री को निर्माण स्थल पर पहुंचाकर देना होगा। रेत एवं मिट्टी की रॉयल्टी रसीद देयक के साथ प्रस्तुत करना होगा अन्यथा शासन की निर्धारित दर अनुसार देयक से कटौती कर भुगतान किया जावेगा। दरें मय जीएसटी प्रदाय करना होगा साथ ही अन्य करों की कटोतियों भी नियमानुसार की जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | ग्राम/ग्राम पंचायत | विकासखंड |
|---|---|---|---|
| 1. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | तिंदनी/ तिंदनी | मण्डला |
| 2. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण झोडीनाला | सोंफ/तिलरी | बिछिया |
| 3. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | नरेनीजर/हर्राभाट | बिछिया |
| 4. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | अहमदपुर/चौबा | घुघरी |
| 5. | अमृत सरोवर तालाब निर्माण। | अहमदपुर/सिंघनपुरी | घुघरी |

**कोटेशन स्वीकृति एवं निरस्ती का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।**

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डला संभाग मण्डला**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999